मंगलका—ओँ अग्निर्मूर्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम् ॥ आपाँ रेताँ सिजिन्वति ॥ तंत्रोक्तमंत्र ओँ अं अंगारकायनमः ॥

बुधका—ओँ उद्बुध्य स्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टा पूर्तेसँ सृजेथा मयंच । अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत्त ॥ तंत्रोक्तमंत्र ओँ बुं बुधाय नमः ॥

बृहस्पतिका-ओँ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद्युमद्वि-भात्तिक्रतु मज्जनेषु। यद्दीदयच्छवसऋतु प्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ तंत्रोक्तमंत्र ओँ बृं बृहस्पतये नमः॥

शुक्रका—ओँ अन्नात्परि स्रुतोरसं ब्रह्मणा व्यपिवत् क्षत्रं पयः सोमं प्रजापति। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानँ शुक्र मन्ध स इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥

तंत्रोक्त मन्त्र--ओँ शुं शुक्राय नमः॥

शनिका मन्त्र—ओँ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये शंयोरभि स्रवन्तुनः॥ तंत्रोक्तमंत्र ओँ शंशनैश्चराय नमः। राहुका मंत्र—ओँ कयानश्चित्र आभुव दूती सदावृधः सखाकयाशचिष्ठया वृता॥ तंत्रोक्तमंत्र—ओँ रां राहवेनमः॥ केतुका मंत्र----ओँ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्य्या अपेषसे समुषद्भि रजायथाः॥ तंत्रोक्तमंत्र ओँ कें केतवे नमः।

गायत्री मंत्र॥

ओँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भार्गोदेवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् ओँ॥

विष्णु मन्त्र॥

ओँ नमो भगवते वासुदेवाय॥ बारह अक्षरका मंत्र।

॥ विष्णु मन्त्र॥

आठ अक्षरका—ओँ नमो नारायणाय।

॥ राम मन्त्र ॥

श्रीराम जय राम जय जय राम ॥

सीताराम ॥ राम राम ॥

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ॥

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥

॥ श्री महामृत्युञ्जय मन्त्र जप करने का विधि ॥

पहले शिवजी का पूजन करले तब संकल्प करे।

ओँ अद्यत्यादि मम शरीरे नाना पीड़ा नीराश द्वारा सद्यः आरोग्य प्राप्त्यर्थं। यजमानके लिये करे तो अमुक यजमानस्य शरीरे नाना पीड़ा नीराश द्वारा सद्यः आरोग्य प्राप्त्यर्थं अमुक सख्यकं श्रीमहामृत्युञ्जय मन्त्रस्य जप महं करिष्यामि।

अपने लिये करे तो करिष्यामि के जगह करिष्ये कहें। तब न्यास करे।

॥ अथ ऋृष्यादि न्यासः ॥

ओं अस्य श्री महा मृत्युञ्जय मन्त्रस्य वशिष्ठ ऋषिः श्री मृत्युञ्जय रुद्रो देवता अनुष्टुप्छन्दः हौं वीजं जूं शक्तिः सः कीलकम मृत्युञ्जय प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ओं वसिष्ठर्षये नमः शिरसि, ओं अनुष्टुप्छन्दसे नमः मुखे, ओं महा मृत्युञ्जय रूद्र देवतायै नमः हृदये। ओं हौं वीजाय नमः गुह्ये, ओं जूं शक्तये नमः पादयोः, ओं स कीलकाय नमः सर्वाङ्गेषु ॥

अथ कर न्यासः ।। ओं त्र्यम्बकं अङ्गुष्ठाभ्यान्नमः । ओं यजामहे तर्जनीभ्यान्नमः । ओं सुगन्धि पुष्टि वर्द्धनं मध्यमाभ्यान्नमः । ओं उर्व्वारुकमिव बन्धनात् अनामिकाभ्यांनमः ओं मृत्योर्मुक्षीय कनिष्ठिका भ्यान्नमः ओं मामृतात् करतल कर पृष्ठाभ्यान्नमः ।

इसी प्रकार हृदयादि न्यास करे । तब नीचे लिखे हुए ध्यान करे ।

चन्द्रोद्भासित मूर्धजं सुरपतिं पीयूषपात्रं महत् । हस्ताब्जेन दधत्सुदिव्यम मलं हास्यास्यपङ्के रुहम् ।। सूर्येन्द्वग्नि विलोचनं करतलैः पाशाक्ष सूत्राङ्कुशाम् भोजं विभ्रत मक्षयं पशुपतिं मृत्युञ्जयं तं स्मरे ।।१।। हस्ताभ्यां कलशद्वयामृत रसैराप्लावयन्तं शिरोद्वभ्यां तौदधतं मृगाक्षव लयेद्वाभ्यां वहन्तं परम् ।। अङ्कन्यस्त करद्वयामृत घटं कैलाशकान्तं शिवम् स्वछां भोजगतं नवेन्दु मुकुटं देवंत्रि नेत्रं भजे ।।२।।

ओं लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि

ओं हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि

ओं यं वाय्यत्मकं धूपं समर्पयामि

ओं रं तेजो रूपं दीपं समर्पयामि

ओं वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि

ओं सं सर्वात्मकं मन्त्र पुष्पं समर्पयामि

एवं मानसो पचारैः सम्पूजयेत् ॥

इसके बाद जप करे। जपके संख्या पूरा हो जाने पर फिर ऋष्यादि न्यास कर न्यास और हृदयादि न्यास करे। तब जल लेकर—

ओँ गुह्याति गुह्य गोप्तात्वं गृहाणास्मदृकृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देव त्व त्प्रा सादान्महेश्वर ॥

ओँ मृत्युञ्जय महारुद्र त्राहिमां शरणागतम्। जन्म मृत्यु जरा रो गैः पीड़ितं कर्मबन्धनैः॥ अनेन महा मृत्युञ्जय मन्त्र जपाख्येन महा मृत्युञ्जयः प्रीयताम् ॥

यह बालकर शिव लिङ्गके ऊपर दाहिने भाग जल छोड़े।

॥ अथ महा मृत्युञ्जय कवचम् ॥

॥ श्री भैरव उवाच ॥

शृणु ष्व परमेशानि कवचं मन्मुखो दितम्।
महा मृत्युञ्जयस्यास्य नदेयं परमाद्भूतम् ॥१॥
यं धृत्वाच पठित्वाच यं श्रुत्वा कवचोत्तमम्।
त्रैलोक्याधि पतिर्भूत्वा सुखतोऽस्मि महेश्वरि ॥२॥
तदेववर्णयिष्या मितव प्रीत्या वरानने।
तथापि परमं तत्वं नदात्तव्यं दुरात्मने ॥३॥

ओँ अस्य श्री महा मृत्युञ्जय कवचस्य श्री भैरव ऋषि र्गायत्री छन्दः श्री महा मृत्युञ्जय रुद्रो देवता

ओँ वीजं जूं शक्तिः सः कीलकं हौमिति त त्वं श्री चतुर्वर्ग साधनार्थे पाठे विनियोगः ॥

चन्द्र मण्डल मध्यस्थे रुद्र आले विचित्रिते ।
तत्रस्थं चिन्तये त्साध्यं मृप्यु प्राप्नोति जीवति ॥१॥
ओँ जूंसः हौं शिरः पातु देवो मृत्युञ्जयो मम ।
श्री शिवो वैललाटश्च ओँ हौं भ्रुवो सदा शिवः ॥२॥
नीलकण्ठो वतानेत्रे कपर्दी मेऽवताच्छती ॥
त्रिलोचनोऽवताद्गण्डो नासान्मे त्रिपुरान्तकः ॥३॥
मुख पीयूषघट भृदोष्ठौ मे कृत काम्बरः ।
हनुं मे हाटके शानौ मुखं वटुक भैरवः ॥४॥
कन्धरो काल मथनो गलं गण प्रियोऽवतु ॥
स्कन्धौ स्कन्द पिता पातु हस्तौमे गिरिशोऽवतु ॥५॥
नखान्मे गिरिजानाथः पाया दङ्गलिसं युतान् ।
स्तनौ तारापतिः पातु वक्षः पशुपति मंम ॥६॥
कुक्षिं कुवेर वरदः पार्श्वौ मे मारशासनः ।
सर्वः पातु तथानाभिं शूली पृष्ठं ममाऽवतु ॥७॥
शिश्नं मे शंकरः पातु गुह्यं गुह्यक बल्लभः ।
कटिं कालान्तकः पाया दुरू मेऽन्धक घातकः ॥८॥
जाग रूकोऽवताज्जा नू जंघेमे काल भैरवः ।
गुल्फौ पायाज्जटा धारी पादौ मृत्युञ्जयोऽवतु ॥९॥

पादादि मूर्ध पर्यन्तं सद्यो जातो ममाऽवतु ।
रक्षा होनं नाम हीनं वपुः पातु मृतेश्वरः ॥१०॥
पूर्वे वल विकरणो दक्षिणे काल शासनः ।
पश्चिमे पार्वतीनाथ उत्तरे मां मनोन्मनः ॥११॥
ऐ शान्यामीश्वरः पाया दाग्ने य्यानग्नि लोचनः
नैऋत्यां शम्भुरव्यान्मां वाय व्यां वायु वाहनः ॥१२॥
उर्ध्वेबल प्रमथनः पाताले परमेश्वरः ।
दश दिक्षु सदा पातु महा मृत्युञ्जयश्चमाम् ॥१३॥
रणे राज कुले द्युते विप मे प्राण संशये ।
पायादों जूं महारुद्रो देव देवो दशादारः ॥१४॥
प्रभाते पातुमां ब्रह्मा मध्याह्ने भैरवोऽवतु ॥
सायं सर्वेश्वरः पातु निशायां नित्य चेतनः ॥१५॥
अर्ध रात्रे महादेवो निशान्ते मां महोदयः ।
सवदा सर्वतः पातु ओँ जूं सः हौं मृत्युञ्जयः ॥१६॥
इतीदं कवचं नित्यं त्रिपुलोकेषु दुर्लभम् ।
सर्व मन्त्र मयं गुह्यं सर्व तन्त्रेषु गोपितम् ॥१७॥
पुण्यं पुण्य प्रदंदिव्यं देव देवाधि दैवतम् ।
यइदं च पठेन्मन्त्रं कवचं वाचयेत्ततः ॥१८॥
तस्य हस्ते महादेवि त्र्यम्बकस्याष्ट सिद्धयः ।
र णे धृत्वा चरे द्युद्धं हत्वा शत्रुं जयं लभेत् ॥१९॥

जयं कृत्वा गृहं देवि सु प्राप्स्यति सुखं पुनः ।
महामये महारोगे महामारी भये तथा ॥२०॥
दुर्भिक्षे शत्रु संहारे पठेत् कवच मादरात् ।
सर्व तत् प्रशमं याति मृत्युञ्जय प्रसादतः ॥२१॥
धनं पुत्रं सुखं लक्ष्मी मा रोग्यं सर्व सम्पदः ।
प्राप्नोति शाधकः सद्यो देवि सत्यं न संशयः ॥२२॥
इतीदं कवचं पुण्यं महा मृत्यञ्जयस्तु ।
गोप्यं सिद्धि प्रदं गुह्यं गोपनीयं स्वयो निवत् ॥२३॥

॥ इति महा मृत्युञ्जय कवचं सम्पूर्णम् ॥

शिव मन्त्र–पांच अक्षरका नमः शिवाय ॥ छ अक्षरका ओँ नमः शिवाय ॥

महामृत्युञ्जयका मंत्र–ओं हौं ओँ जूंसः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धि पुष्टि वर्द्धनं उर्व्वारुक मिवबन्धना न्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भुवः स्वरों जूंसः हौं ओँ ॥

मृत्युञ्जयका मन्त्र ओँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्ठि वर्द्धनं उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् ॥ लघु मृत्युञ्जयका मंत्र ओँ हौं जूंसः ॥

नर्वाण मंत्र–ऐं हीं क्लीँ चामुण्डायै विच्चे ।

केवल प्रणवका जप करनेसे ऐहि लौकिक तथा पारलौकिक दोनों सुख प्राप्त होता है ।

भैरवका मंत्र—ओँ ह्रीं बटुकाय आप दुद्धारणाय कुरु कुरुबटुकाय ह्रीँ ओँ नमः शिवाय॥

देवी मंत्र॥

ओँ ऐँ ह्रीँ क्लीँ चामुण्डायै विच्चे ओँ ग्लौं हुँ क्लीँ जूँसः ज्वालय ज्वालल ज्वल ज्वल प्रज्वल प्रज्वल ऐँ ह्रीं क्लीँ चामुण्डायै विच्चे ज्वलहं सं लं क्षं फट् स्वाहा॥

श्रीकालीजीकी एकाक्षर मंत्र क्लीँ॥

श्रीलक्ष्मीजीकी एकाक्षर मन्त्र ह्रीं।

सरस्वतीजीकी एकाक्षर मंत्र ऐँ।"

हनुमानजीका मन्त्र—ओँ हरि मर्कट मर्कटाय स्वाहा॥ बारह अक्षरका॥ ओँ नमो भगवते पञ्चवदनाय पूर्वक वि मुखाय सकल शत्रु संहरणाय स्वाहा बत्तीस अक्षरका॥ ओँ श्री हनुमते नमः॥ आठ अक्षरका ओँ महावीराय नमः॥

अथ बगला मुखी मंत्र—जपनेका विधि श्री बगला मुखी देव्यै नमः॥ ओँ अस्य श्री बगला मुखी मंत्रस्य भगवान्नारद ऋषिः। बगला मुखी देवता। मम सन्निहितानां दुष्टानां विरोधिनां वाङ् मुख पद जिह्वा बुद्धीनां स्तम्भ नार्थे श्री बगलामुखी वर प्रसादात्सिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः। ओँ ह्लीं अंगुष्ठाभ्यांनमः ओँ बगला मुखी तर्जनी

भ्यां स्वाहा। ओँ सर्व दुष्टानां मध्यमाभ्यां वषट्। ओँ वाचं मुखं पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां हुम् ओं जिह्वां कीलय कीलय कनिष्ठकाभ्यां वौषट्। ओँ बुद्धिं नाशय ओँ ह्रां स्वाहा करतल कर पृष्ठाभ्यां फट्। इति कर न्यासः। इसी प्रकार हृदयादि न्यासकरे ओँ ह्रीं हृदयाय नमः। इत्यादि। इसके वादध्यान नीचे लिखे मन्त्रसे करें।

ओँ सौ वर्णासन संस्थितां त्रिनयनां पीतां शुको ल्लासिनीं हेमाभाङ्ग रुचिं शशांक मुकुटां स्रक्चम्पक स्रग-युताम्।

हस्तै र्मु द्गर पाश वद्ध रसनां सं विभ्रतीं भूषणै र्व्याप्ताङ्गीं वगला मुखीं त्रिजगतां संस्ताम्भिनीं चिन्तये।

॥ अथ मन्त्र ॥

ओँ ह्लीं वगला मुखि सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय ह्लीं ओँ स्वाहा।

श्री महावीरजी का मन्त्र जपने का विधि।

ओँ अस्य श्री हनुमन्मंत्रस्य श्री रामचन्द्र ऋषिः अनुष्टुप्छन्द्रः। श्री महावीरो हनुमान् देवता मारुतात्मज इति वीजम्। अंजनी सूनुरिति शक्तिः। ओँ हैं ह्रीं ह्रौं इति कवचन्। ओँ स्वाहा इति कीलकम्। धर्मार्थ मोक्ष साधनार्थे जपे विनियोगः।

॥ अथ करन्यासः ॥

ओँ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यान्नमः । ओँ ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा । ओँ ह्रु मध्यमाभ्यां वषट । ओँ ह्रैं अना मिका-भ्यां हुम् । ओँ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् । ओँ ह्रः कर-तल कर पृष्ठाभ्यां फट् ।

इसी प्रकार हृदयादि न्यास करे । -

ओँ ह्रां हृदयाय नमः । इत्यादि ।

॥ अथ ध्यानम् ॥

ओँ ध्याये द्बाल दिवाकर द्युति निभे देवारि दर्पापहं देवेन्द्र प्रमुख प्रशस्त यशसं दे दीप्यमानं रुचा । सुग्रीवादि समस्त वानर युतं सुव्यक्त तत्व प्रियं संरक्ताक्षण लोचनं पवनजं पीताम्बरालं कृतम् ।

उद्यन्मार्तंड कोटि प्रकट रुचियुतं चारु वीरा सनस्थम् ।
मौंजी यज्ञो पवीताऽरुण रुचिर शिखा शोभितं कुण्डलाङ्कम् ।
भक्ताना मिष्टदं तं प्रणत मुनि जनं वेदनाद प्रमोदम् ।
ध्याये देवं विधेयं प्लग कुलपतिं गोष्य दी भूत वार्द्धिम् ।

॥ मन्त्र ॥

ओँ हरि मर्कट मर्कटाय स्वाहा ।

॥ प्रार्थना मन्त्र ॥

मनोजवं मारुत तुल्य वेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ।
वातात्मजं वानर यूथ मुख्यं श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

* आरती संग्रह *

श्री गणपतिजीकी आरती ॥

गणपति सेवा मंगल मेवा सेवासे सब विघ्न टरे । तीन लोक तें तीस कोटि देवता द्वार खड़े सब अर्ज करैं ॥टेक॥ ऋद्धिसिद्धि दक्षिण वाम विराजैं अरु आनन्द सो चमर करैं । धूप दीप और लिये आरती भक्त खड़ा जयकार करै ॥ गणपति० ॥ गुड़के मोदक भोग लगत हैं मूषक वाहन चढ्या सरैं । सौम्य रूप सये गणपतिको विघ्न भाज ज्यों दूर परैं ॥ गण० ॥ भादों मास और शुक्ल चतुर्थी दिन दौं पारा पूर परैं । लिये जन्म गणपति प्रभुजी दुर्गामन आनन्द भरैं ॥ गणप० ॥ अद्भुत बाजा बाज्यो इन्द्रका देव वधू जहँ गान करैं । श्री शङ्करके आनन्द उपज्यो नाम सुन्यो सब विघ्न टरे ॥ गण० ॥ आय विधाता बैठे आसन इन्द्र अप्सरा नृत्य करैं ॥ देख देव ब्रह्माजी जाको विघ्नविनायक नाम धरैं ॥गण०॥ एक दन्त गज वदन विनायक त्रिनैनरूप अनूप धरैं ॥ पगथं भासा उदर पुष्ट है देख चन्द्रमा हास्य करैं ॥ गण० ॥ देशराय श्रीचन्द्र देवको कलाहीन तत्काल करैं । चौदहौं लोकमें फिर गणपति तीन लोकमें राज्य करैं ॥ गण० ॥ उठ प्रभात जब करै ध्यान कोइ जाके कारज सबै सरैं । पूजा काल गावे आरती

जाके शिर यश छत्र फिरैं ॥ गण० ॥ गणपतिकी पूजा पैली करनी काम सबी निर्विघ्न सहैं । राम प्रसाद गणपति जीकी हाथ जोड़कर स्तुति करै ॥ गणपति सेवा मंगलमेवा सेवासे सब विघ्न हरैं ॥ तीन लोक तैंतीस कोटि देवता द्वार खड़े सब अर्ज करैं ॥

श्री विष्णुजीकी आरती ॥

ओँ जय जगदीश हरे । प्रभु जय जगदीश हरे, भक्त जननके सङ्कट क्षणमें दूर करे ॥ ओँ जय० ॥ जो ध्यावे फल पावे दुःख विनसे मनका । सुख सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तनका ॥ ओँ जय० ॥ मातपिता तुम मेरे शरण गहूं किसकी । तुम बिन और न दूजा आस करूं जिसकी ॥ओँ जय०॥ तुम पूरण परमात्मा तुम अन्तरयामी । पर-ब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी ॥ओँ जय०॥ तुम करुणा के सागर तुम पालन कर्त्ता । मैं मूरख खल कामी कृपा करो भर्ता ॥ ओँ जय० ॥ तुमहो एक अगोचर सबके प्राणपती । किस विधि मिलूं दयामय तुमको मैं कुमती ॥ ओँ जय० ॥ दीनबन्धु दुःख हर्त्ता स्वामी तुम रक्षक मेरे । अपने हाथ उठाओ द्वार पड़ा तेरे ॥ ओँ जय० ॥ विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा । श्रद्धा भक्ति बढ़ाओ सन्तनकी सेवा ॥ ओँ जय जगदीश हरे प्रभु जय जगदीश हरे ॥

श्री गणेशायनमः ॥

देवीजीकी आरती ॥

जय अम्बे गौरी मैया जय मङ्गल मूर्ति मैया जय आनन्द करणी । तुमको निशिदिन ध्यावे हरिब्रह्मा शिवरी ॥ टेक ॥ माङ्ग सिन्दूर विराजत टीको मृग मद्को । उज्ज्वलसे दोउ नैना चन्द्र वदन नीको ॥ जय अम्बे० ॥ कनक समान कलेवर रक्ताम्बर राजे । रक्त पुष्प वनमाला कण्ठन पर साजे ॥ जय० ॥ केहरि वाहन राजत खड्ग खप्पर धारी । सुरनर मुनि जन सेवत तिनके दुःखहारी ॥ जय० ॥ कानन कुण्डल शोभित नासाग्रे मोती । कोटिक चन्द्र दिवाकर राजत समज्योती ॥ जय० ॥ शुम्भ निशुम्भ विदारे महिषासुर घाती । धूम्र विलोचन नैना निशिदिन मदमाती ॥ जय० ॥ चौशठ योगिन गावत नृत्य करत भैरूँ । बाजत ताल मृदंगा और बाजत डमरू ॥ जय अम्बे० ॥ भुजा चार अतिशोभित खड्गखप्पर धारी । मनवांछित फल पावत सेवत नरनारी ॥ जय० ॥ कञ्चन थाल विराजत अगर कपूरकी वाती । श्रीमालकेतु में राजत कौटीरतनकी ज्योती ॥ जय० ॥

दोहा—या अम्बेकी आरती जो कोई नर गावे ।
भणत शिवानन्द स्वामी सुख सम्पत्ति पावे ।

जय अम्बे गौरी मैया जय मंगल मूर्ति मैया जय आनन्द करणी। तुमको निशि दिन ध्यावत हरि ब्रह्मा शिवरी ॥ जय० ॥

श्री सत्यनारायणजी की आरती ॥

जय लक्ष्मी रमणा श्री लक्ष्मी रमणा। सत्यनारायण स्वामी जन पातक हरणा ॥ टेक ॥ रत्न जड़ित सिंहासन अद्भुत छवि राजे। नारद करत निरांजन घंटा ध्वनि बाजे ॥ जय० ॥ प्रगट भये कलि कारण द्विजको दरश दियो। बूढ़ो ब्राह्मण वनके कञ्चन महल कियो ॥ जय० ॥ दुर्बल भील कठारो जिनपर कृपाकारी। चन्द्रचूड़ एक राजा जिनको विपती हरि ॥ जय० ॥ वैश्य मनोरथ पायो श्रद्धा तज दीनी। सोफल भोग्यो प्रभुजी फिर स्तुति कीनी ॥ जय० ॥ भाव भक्तिके कारण क्षण २ में रूप धरो। श्रद्धा धारण कीनी तिनको काम बनो ॥ जय० ॥ ग्वाल बाल संगराजा वनमें भक्ति करी। मनवांछित फल दीन्यो दयालु हरी ॥ जय० ॥ चढ़त प्रसाद सवायो कदली फल मेवा। धूपदीप तुलसीसे राजी सत देवा ॥ जय० ॥ श्री सत्यनारायणजीकी जो आरती गावे। भणत राम प्रसाद मनवांछित फल पावे ॥ जय लक्ष्मी रमणा श्री लक्ष्मी रमणा ॥

श्री शिवजीकी आरती

जयशिव ओंकारा हर जयशिव ओंकारा। ब्रह्मा विष्णु सदाशिव अर्द्धङ्गी धारा ॥ टेक ॥ एकानन चतुरानन पंचानन राजे। हंसासन गरुड़ासन वृषवाहन साजे ॥ जय शिव० ॥ दोय भुज चार चतुर्भुज दश भुजते सोहे। तीनों रूप निरखता त्रिभुवन जन मोहे ॥ जय० ॥ अक्षमाला वनमाला रूण्डमाला धारो। चन्दन मृगमद चन्दा भाले शुभ कारी ॥ जय० ॥ श्वेताम्बर पीताम्बर बाघम्बर अङ्ग। सनकादिक प्रभुतादिक भूतादिक संगे ॥ जय० ॥ करमध्ये कमण्डल चक्र त्रिशूल धरता। जग कर्त्ता जग भर्त्ता जग संहार कर्त्ता ॥ जय० ॥ ब्रह्मा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका। प्रणव अक्षर दो मध्ये ये तीनो एका ॥ जय० ॥ त्रिगुण स्वामोजीकी आरती जो कोइ नर गावे। भणत शिवानन्द स्वामी मनवांछित फलपावे। जयशिव ओंकारा, हो मन भज शिव ओंकारा हो मन रट शिव ओंकारा। हो शिव गले रूण्ड माला हो शिव आढ़त मृगछाला। हो शिव पीते भंगप्याला ओ शिव रहते मतवाला। हो शिव पारवती प्यारा हो शिव ऊपर जल धारा। ब्रह्मा विष्णु सदाशिव अर्द्धंगी धारा ॥ हर हर महादेव ॥

॥ श्रीरामचन्द्रजी की आरती ॥

जय जानकी नाथा श्री रघुनाथा। दोउ कर जोरे विनवौं प्रभु मेरी सुनवाता ॥ टेक ॥ तुम रघुनाथ हमारे प्राणपिता माता। तुम हो सुजन संगति भक्ति-मुक्तिदाता ॥ जय० ॥ चौरासी प्रभु फंद छुड़ाओ मेरो यम त्रासा। निशिदिन प्रभु मोपै राखो अपने संग साथा ॥ जय० ॥ सीताराम लक्ष्मण भरत शत्रुहन संग चारो भैया। जगमंग ज्योति विराजत शोभा अति लहिया ॥ जय० ॥ हनुमत नाद बजावत नेवर हिमकाता। सुवरण थाल आरती करत कौशल्या माता ॥ जय० ॥ क्रीट मुकुट कर धनुष विराजत शोभा अति भारी। मनीराम दरशनकी आशा पलपल बलिहारी ॥ जय जानकी नाथा श्री रघुनाथा। दोउ कर जोरे विनवौं प्रभु मेरी सुनवाता ॥

मेरे मन वसिगये राघवराम ॥

क्रीट मुकुट मकरा कृत कुण्डल कठिन धनुष लिये सारंग वान ॥ जाय जनकपुर धनुष उठाये सब भूपनको तोरयो मान। विश्वामित्रके यज्ञ सफल किये गौतम नारि पठायो सुरधाम ॥ सरजूके तीर अयोध्या नगरी जहां विहरें श्री लक्ष्मण राम ॥ तुम जनि विसर जाय मेरे मनते तुम विन बिगर जाय सब काम आशानन्द कहैं करजोरे चौंसठ घड़ि भजो आठोयाम ॥

मेरे मन वसि गये राघव राम ॥

॥ श्री रामायणजी की आरती ॥

आरती श्री रामायणजी की। कीरति कलित ललित सिय पी को ॥ टेक ॥ गावत ब्रह्मादिक मुनि नारद। बालमीक विज्ञान विशारद ॥ आरती० ॥ सुक सनकादि शेष अरु शारद। बरनि पवन सुत कीरति नीकी ॥ आरती० ॥ गावत वेद पुराण अष्टादश। छओ शास्त्र सब ग्रन्थन कोरस ॥ आरती० ॥ मुनि जन धन संतनको सरबस। सार अंश संमत सबही की ॥ आरती० ॥ गावत संतत शम्भु भवानी। अरु घर संभव मुनि विज्ञानी ॥ आरती० ॥ व्यास आदि कवि बर्ज बखानी। काक भुसुंडी गरुड़के ही की ॥ आरती० ॥ कलि मल हरनि विषय रस फीकी। सुभग सिंगार मुक्ति-युवती की। दलन रोग भव मूरि अमीकी। तात मात सब विधि तुलसी की ॥ आरती श्री रामायण जी की ॥

कमल नेत्र स्तोतर

श्री कमलनेत्र कटि पीताम्बर अधर मुरली गिरधरम्। मुकुट कुण्डल करूल कुटिया सांवरे राधे वरम्। कूल यमुना धेनु आगे सकल गोपियनके मन हरम्। पीत वस्त्र गरुड़ बाहन चरण सुख नित सागरम्। करत केल कलोल निशिदिन कुंज भवन उजागरम्। अचर अमर अडोल

निश्चल पुरुषोत्तम अपरापरम् । दीनानाथ दयालू गिरधर कंस हरणाकंश हरम् । गल फूल माल विशाल लोचन अधिक सुन्दर केशवम् । वंशोधर वसुदेव छैटया बली छल्यो हरि वावनम् । जल डूबते गज राख लीनो लंका छेद्यो रावणम् । सप्त द्वीप नव खण्ड चौदा भवन कीने रामजी एक पलम् । द्रोपदोजोकी लाज राखो कहां लो उपमाकरम् । दीना नाथ दयालु पूरण करुणामय करुणाकरम् । कविदत्त दास विलास निशिदिन नाम जपत नित नागरम् । प्रथम गुरूजीके चरण बन्दों यस्य ज्ञान प्रकाशितम् । आदि विष्णु जुगादि ब्रह्मा सेवते शिव शङ्करम् । श्रीकृष्ण केशव कृष्ण केशव यदुपति केशवम् । श्रीराम रघुवर राम रघुवर राम रघुवर राघवम् । श्रीराम कृष्ण गोविन्द माधव वासुदेव श्री वावनम् । मच्छ कच्छ वराह नरसिंह पाहि रघुपति पावनम् । मथुरामें केशवराव विराजे गोकुल बालमुकुन्द जी । श्री वृन्दा बनमें मदनमोहन गोपीनाथ गोविन्दजी । धन्य मथुरा धन्य गोकुल जहां श्री मति अवतरे । धन्य यमुनाका नीर निर्मल ग्वाल बाल सखावरे । नवनीत नागर करत निरतत शिव विरञ्चि मन मोहितम् । कालिन्द्री तट करत क्रीड़ा बाल अद्‌भुत सुन्दरम् । ग्वाल बाल सब सखा विराजै संग राधे भामिनी । बंशी वट तट निकट यमुना

मुरलीकी टेर सुहावनो। भज राघवे रघुवंश उत्तम परम राजकुमारजी। सीताके पति भगतनके गति जगत प्राण आधार जी। जनक राजा पणक राखो धनुष बाण चढ़ावहीं। सती सीता नाम जाके श्रीरामचन्द्र प्रणावहीं। जन्म मथुरा खेल गोकुल नन्दके हरि नन्दनम्। बाल लीला पतित पावन वासुदेव वासुदेवकम्। श्रीकृष्ण कलिमल हरण जाके जो भजे हरिचरणको। भक्ति अपनी देहु मायव भवसागरके तरणको। जगन्नाथ जगदीश स्वामी श्री बद्रीनाथ विश्वम्भरम्। द्वारिकाजीके नाथ श्रीपति केशवम् प्रणामम्यहम्। श्रीकृष्ण अष्टपदी पढ़त निशिदिन विष्णु लोक सगच्छतम् तुरू रामानन्द अवतार स्वामो कविदत्त दास समाप्तम्।

श्री महालक्ष्यष्टकम्।

नमस्तेऽस्तु महामाये श्री पीठ सुरपूजिते। शङ्ख चक्र गदा हस्ते महालक्ष्मि नमोस्तुते। नमस्ते गरूड़ारूढ़े कोला सुर भयंकरि। सर्व पापहरे देवि महा लक्ष्मि०। सर्व सर्व-वरदे सर्व दुष्ट भयङ्करि। सर्व दुःख हरे देवि महालक्ष्मि०। सिद्धि बुद्धि प्रदे देवि भक्ति मुक्ति प्रदायिनी। मन्त्र मूर्ते सदा देवि महा लक्ष्मि०। आद्यन्तरहिते देवि आद्य शक्ति महेश्वरि। योग जे योग संभूते महालक्ष्मि०। स्थूल सूक्ष्म महारौद्रे महाशक्ति महोदरे। महापाप हरे देवि महा

लक्ष्मि० । पद्मासन स्थिते देवि पर ब्रह्म स्वरूपिणि । पर मेशि जगन्मातर्महालक्ष्मि० । श्वेताम्बर धरे देवि नाना लङ्कार भूषिते । जगत्स्थिते जगन्मातर्महालक्ष्मि० । महा लक्ष्म्यष्टक स्तोत्र यः पठेद्भक्तिमान्नरः । सर्व सिद्धि मवाप्नोति राज्य माप्नोति सर्वदा । एक कालं पठेन्नित्यं महापाप विनाशनम् । द्विकालं यः पठेन्नित्यं धन धान्य समन्वितः । त्रिकालं यः पठेन्नित्यं महाशत्रु विनाशनम् । महालक्ष्मी र्भवेन्नित्यं प्रसन्ना वरदा शुभा । इति ईन्द्र कृतः श्री महालक्ष्म्यष्टकस्तवः सम्पूर्णः ।

यज्ञोपवीत-धारण-मन्त्र

ॐ यज्ञोपवीतमितिमन्त्रस्य परमेष्ठी ऋषिः लिङ्गोक्ता देवता त्रिष्टुप्छन्दः यज्ञोपवीतधारणे विनियोगः ॥

जनेऊको धो प्रत्येक बार मन्त्र बोलकर एक-एक धारण करे।

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् ।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ॥

जीर्ण-यज्ञोपवीत-त्याग-मन्त्र ।

जीर्ण जनेऊको कण्ठी कर सिर परसे पीठकी ओर निकाले।

एतावद्दिनपर्यन्तं ब्रह्मत्वं धारितं मया ।
जीर्णत्वात्त्वत्परित्यागो गच्छ सूत्र यथा सुखम् ॥

श्रीहनुमत्स्तुति ।

मनोजवंमारुततुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शिरसा नमामि ॥ उल्लङ्घ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लङ्कां नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥

अन्नपूर्णा-स्तुति ।

अन्नपूर्णे सदापूर्णे शंकर प्राण-वल्लभे ।
ज्ञान वैराग्य सिद्ध्यर्थं भिक्षां देहि च पार्वति ॥

काली-स्तुति ।

काली काली महाकाली कालिके परमेश्वरी ।
सर्वानन्द करे देवि नारायणि नमोस्तुते ॥

शीतला स्तुति ।

शीतले त्वं जगन्माता शीतले त्वं जगत्पिता ।
शीतले त्वं जगद्धात्री शीतलायै नमोनमः ॥

पीपल-स्तुति ।

अश्वत्थ हुतभुग्वास गोविन्दस्य सदाप्रिय ।
अशेषं हरसे पापं वृक्षराज नमोस्तुते ॥

तुलसी-स्तुति ।

देवैस्त्वां निर्मिता पूर्वमर्चितासि मुनीश्वरैः ।
नमो नमस्ते तुलसि पापं हर हरिप्रिये ॥

श्री गणेशाय नमः ।।

पाठकोंसे निवेदन

पाठकजी नित्यकर्म योग पद्धति नामका किताब जो मैं अनेक किताबोंसे संग्रह करके लिखा हूं। सो प्रातःस्मरणसे लेकर देवपूजा तक द्विजातियोंका अधिकार हैं। परञ्च आगे जो मैं लिखता हूँ वह सब वर्णोंका अधिकार हैं। प्रिय पाठक महोदयजी हरेक मनुष्योंके लिये यह परम आवश्यक है, जो इस विषयको प्रतिदिन पढ़कर तथा विषयोंको समझकर नित्य क्रियामें हो इन विषयोंको रखेंगे वे निश्चय ही इस भव रूपी समुद्रको इसी नौकाके द्वारा अल्प ही समयमें पार हो जायँगे। यह जीवन मुक्तका (कुञ्जी) चाभी है। इसलिये जिन महानुभावोंको समझमें न आवें वे कृपा करके कोई विद्वानसे समझ लें। क्योंकि बारम्बार मनुष्य योनी नहीं मिलती है। अतः मनुष्य योनी पाकर संसारके अन्दर जीवन्मुक्त होते हुये अन्तमें परम पदको प्राप्त करना परम आवश्यक हैं।

सत्यपर विचार

इस असार संसारमें सत्य ही सर्व प्रधान है। बिना सत्य के कोइ कार्य सफल नहीं हो सक्ता है। जैसे—वृक्षमें जल विना उनका साखा तथा फल-फूल नहीं हो सकता है इसी तरह जगतमें जितने यज्ञ तप. स्वाध्याय पाठ, पूजा मंत्र तन्त्र इत्यादि यह सब सत्य बिना नहीं हो सकता है। सत्य ही आधार है, सत्य ही परम ब्रह्म ईश्वर है। जिनको ब्रह्मासे लेकर संसारी जीवोंमें ब्रह्मर्षि, राजर्षि, देवर्षि तथा चारों वेद छवों शास्त्र

अठारहों पुराण ईश्वर मानते हैं। वे सत्य ही हैं। इसलिये सत्य ही पर अपना जीवन बिताना चाहिये। अतः चौबिस घण्टे के अन्दरमें सत्य ही का व्यवहार रखना चाहिये। सत्यका अभ्यास करते २ सत्य स्वरूप ही हो जायगा। ये सत्य गुरुका वचन है।

सत्यका मतलब यह है कि वेद पुराण स्मृतियां सत्य गुरुओंका वचन जिनको इन सबोंने कहा है उन्हींका नाम सत्य है सत्य कार्य करते-करते दिन ओ रात्रीमें जो कार्य करें सो सत्य ही करें और असत्यको त्याग करते चलें। सत्यका अभ्यास करते करते आत्मा निर्मल स्वच्छ महान् आत्मा अल्प समय में हो जाता है। जिस मनुष्यका आत्मा सत्य स्वरूप हो जायगा शास्त्रानुकुल उनको ऋद्धियां तथा सिद्धियां वैभव कीर्ति यश ए सबोंको प्राप्त करके अन्तमें मोक्षको प्राप्त कर लेते हैं। उन मनुष्योंके पास दरिद्रा तथा कोई आपत्तियां नहीं आ सकती हैं ए सिद्धान्त है।

इनका दृष्टान्त यह है जहां सूर्यका प्रकाश है, वहां अन्धकार होइ नहीं सकता है, ए सिद्धान्त हैं। जिस जीवका सत्य का अभ्यास सिद्ध हो जाय, वह जीवन मुक्त हो है क्योंकि जीवन मुक्तका सत्यका अभ्यास करना असत्यका त्याग करना यही वेदोंका सिद्धान्त हैं। उसी मनुष्यको जीवन मुक्त कहते हैं। इसलिये पाठकोंसे साञ्जलि प्रार्थना करता हूं, जो इस अल्प समयमें सत्यका अभ्यास करे।

मनुष्य जन्मका उद्देश्य

मनुष्य जो जन्म लेता है, उनमें पांच कर्मेन्द्रिय कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा, वाक और पांच ज्ञानेन्द्रिय गुदा मार्ग, लिङ्ग, हाथ,

पाद-पांव, वाणी और मन, बुद्धि, चित्त, स्मृति, अहंकार, पांच प्राण वायु। प्राण अपान, व्यान, उदान, समान। पांच तत्व—पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश। चौरासी लाख योनियोंमें सर्वश्रेष्ट मनुष्य योनी है, इसी योनिमें २५ तत्वोंका ज्ञान रहता है। यथा योग तत्वोंसे काम ले सकता है। जिस तत्वोंसे काम जो शास्त्रानुकुल बताये गये हैं, उसी मोताबिक हरेक तत्वोंसे काम ले सकते हैं। तत्त्वोंसे काम लेकर संसार यात्रा सफल हो सकती है। मनुष्य योनिका उद्देश्य है शास्त्रा-नुकुल कार्य करना क्योंकि यह कर्मक्षेत्र है जैसा कर्म किया जायगा। वैसा हो मनुष्य फलाधिकारी होगा। मनुष्य यह लोकमें सुख भोगकर अन्तमें मोक्ष प्राप्त कर सकता है। हरेक मनुष्योंकी कर्त्तव्य यह है कि हम जो संसारमें आये हैं क्या करना चाहिये। इसलिये अपने लक्ष्यके प्राप्तिके लिये प्रतिदिन समयको नियमानुसार प्रोग्राम ऐसा बनावें, जिससे थोड़ा ही समयमें इसी जन्ममें लक्ष्यकी प्राप्ति हो जाय। यदि मनुष्य योनिमें लक्ष्य (मुक्त) नहीं प्राप्त किया तो फिर ८४ लाख योनिमें भ्रमण करना पड़ेगा, पुनः उनके लिये संसार यात्रा विफल हो जायगा। इसलिये सदाचारको धारणकर नित्य संध्या तर्पण, स्वाध्याय, यज्ञ होम, जप प्रणायाम योग आदि नित्य रोज निय-मानुसार करते-करते निश्चय ही लक्ष्यकी प्राप्ति होगी (दृष्टान्त) कोई मनुष्य कलकत्तेसे बम्बईकी यात्रा करेगा तो निश्चय ही बम्बई पहुंच जायगा। उसमें कारणवस कुछ देरी हो जाय अथवा शीघ्र ही पहुंच जाय परञ्च पहुंच जायगा जरूर। यदि कोई यात्रा न करेगा तो पहुंचेगा नहीं। अतः पाठकगणसे मेरी प्रार्थना

है, जैसे—मैं लिख चुका हूं इसी मोताबिक अपना प्रोग्राम बनाकर संसार यात्रा प्रारम्भ करें तो निश्चय ही मनुष्य जन्मका उद्देश्य सफल होगा। यह सिद्धान्त है। जैसे मैं उपरोक्त लिख चुका हूं। तीन महिना अभ्यास लगातार करनेसे स्वयं आत्माकी जागर्त्ति हो जायगी। तीन महिनेके बादसे आत्मा आनन्दके लहरसे प्रफुल्लित होने लगेगा। इसी प्रकार एक बर्ष लगातार अभ्यास करनेसे आत्मा परमानन्दको प्राप्त कर लेगा। जो कार्य करे बाह्य क्रियाको छोड़कर अभ्यन्तर क्रिया करे। जैसे—सतगुरुके आज्ञानुसार अथवा शास्त्रानुसार कार्य करे। जिससे आत्मा प्रफुल्लित हो। आत्मा प्रफुल्लित होनेसे सप्तद्वीप, नवखण्ड, चौदहों भुवनोंमें जो वस्तु दुर्लभ हैं, सो अनायास प्राप्तकर ले सकता है, ये सिद्धान्त हैं। अतः बारम्बार पाठकगणसे प्रार्थना करता हूं जो उपरोक्त नियमानुसार कार्य करें।

सदाचार पर विचार

मनुष्योंके लिये सदाचार ही ऐसी वस्तु है जो अपने लक्ष्यको अति शीघ्र प्राप्त कर सकता है। जो सदाचार रूप रथ बनाकर उसपर सवार होकर संसार यात्रा करेंगे। वह अल्प समयमें ही लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। सदाचारका अर्थ अपने आचारको दिन-रात जो कार्य करे सो शुद्ध, निर्मल, सूक्ष्म मन द्वारा बिचार करें। बाह्य अथवा आभ्यन्तर जो कार्य करे सो शास्त्रानुकूल अथवा गुरुओंके द्वारा जो कहा गया हो, उसी मोताबिक अपना आचारको रक्खे। याने साफ वस्त्र, शुद्ध आहार, शुद्ध ब्यवहार, शुद्ध रहन-सहन, सत्य वार्त्तालाप, पवित्र शरीरको रखना, पवित्र भोजन, सत

शास्त्रोंका अध्ययन, सज्जन मनुष्योंसे वार्त्तालाप करे। इसी प्रकार अभ्यास करते हुए अपने चरित्रपर पूर्ण ख्याल रक्खे, जिससे शीघ्र सच्चरित्रवान् बन जाय। सच्चरित्रवान्का अर्थ है जो कार्य करेंगे स्वाध्याय पूजा, पाठ, यज्ञ, तप, होम आदि सो अति शीघ्र सदाचार रूपी रथ द्वारा लक्ष्यको प्राप्त कर लेंगे। ये सिद्धान्त है। जिस मनुष्यने अपने आचारको ठीक नहीं किया वह मनुष्य कभी भो लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकता है। अतः पाठकोंसे निवेदन करता हूं जो दुराचार दुर्व्यवहार अभक्ष्य भोजन असच्चरित्र असज्जसंग ये सबोंको अति शीघ्र त्याग कर सदाचार रूपी रथपर सवार हो जाय और इसका अभ्यास करते-करते आत्मा शुद्ध निर्मल स्वच्छ हो जायगा। फिर उनको अष्टसिद्धियां नवऋद्धियां स्वयं ही प्राप्त हो जायगी। और संसारके सब भोगोंको भोगकर अन्तमें मोक्षको प्राप्त कर लेंगे।

(पुरुषार्थ)

पुरुषार्थ रूप रथपर सवार होकर संसार यात्रा करेगा जो मनुष्य, सो निश्चय ही लक्ष्य प्राप्त करेगा। पुरुषार्थ ही ऐसा वस्तु है जो यथार्थ रूपसे पुरुषार्थमें आरूढ़ होकर समय व्यतीत करेगा वह ध्रुव सब सिद्धियांको प्राप्त कर सप्तद्वीप नवखण्ड चौदहो भुवनोंमें सब रत्नोंको प्राप्त कर लेगा। पुरुषार्थ किस चीजका नाम है। जो आलस्यको त्यागकर अत्यन्त साहसको धारण कर अपने लक्ष्यको प्राप्तिके लिये कटिवद्ध होकर कार्य करते चलें। यदि कोई रास्तेमें वाधा पहुंचाये तो उनको विचार द्वारा हटाकर आगे बढ़ते चलें तो निश्चय ही लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। ये सिद्धान्त है।

उदाहरण—मार्कण्डेय मुनिको १६ वर्षकी आयु थी। परञ्च पुरुषार्थ द्वारा चिरञ्जीवी हो गये और विश्वामित्रजी क्षत्रिय जातिमें जन्म लिया था, परन्तु पुरुषार्थ द्वारा इसी शरीरसे ब्रह्मर्षि हो गये और भगिरथजी पुरुषार्थ द्वारा गंगाको भूमण्डलमें लाकर अपने पितरोंका उद्धार किया। ध्रुवजी ५ वर्षकी आयु ही में ध्रुव-लोकको प्राप्त कर लिया पुरुषार्थ द्वारा, अतः पाठकगणसे निवेदन करता हूं, जो पुरुषार्थ अमूल्य वस्तु है एस पुरुषार्थ रूप रथपर अवश्य सवार होकर संसार यात्रा करें। जिससे संसारिक भोगोंको भोगकर अन्तमें मोक्षपदको प्राप्त कर लेंगे। यही कारण वसात् कोई त्रुटी होनेपर लक्ष्य प्राप्त न हो सके तो पुरुषार्थको न त्याग करें पुनः विचार द्वारा त्रुटोको निकालकर लक्ष्यके लिये पुरुषार्थ पर आरूढ़ रहें। इस प्रकार बारम्बार अभ्यास करनेसे अवश्य लक्ष्य प्राप्ति हो जायगी।

आलस्य

मनुष्योंके लिये आलस्य ही महाशत्रु है। जिस मनुष्यने आलस्यके वशीभूत हुए, वह कोई कार्य लाभ नहीं कर सकता है और उनके पास दरिद्रता असहिस्णुता, अविचारता, कृपणता आदि आपत्तियां आ जाती हैं तथा मानसिक रोग, शारीरिक रोग, भौतिक रोग इत्यादि बिमारियोंसे पीड़ित होकर अल्प ही समयमें दुःखाग्निमें जलकर यमलोकको पधारते हैं।

अतः पाठकगणसे निवेदन करता हूं, यदि लौकिक सुख और मोक्ष प्राप्त करनेकी इच्छा हो तो प्रथमतः आलस्य रूपी महाशत्रुसे अलग रहें। आलस्यको निर्मूल करनेसे ऐश्वर्यवान्, विद्वान, कीर्ति-

मान्, सुरवान्, पराक्रमी, यशस्वी, तेजस्वी इत्यादि अतिशीघ्र हो जाते हैं और उनके पास सब सिद्धियाँ स्वयं आ जाती हैं। ये सिद्धान्त हैं।

निर्भयता

हरेक मनुष्योंके लिये निर्भयताको धारण करना परमावश्यक हैं। क्योंकि जबतक निर्भय नहीं होंगे, तबतक संसार यात्रा उनके लिये विफल हो जायगा।

निर्भयता किस रीतिसे होगी (इसका विचार) शास्त्रानुकूल तथा राष्ट्रानुकूल तथा वंशानुकूल तथा श्रेष्ठ मनुष्योंके आज्ञानुकूल चलनेसे आत्मा निर्भय हो जाती हैं। छल, कपट, दुराचार, असत्य बोलना, अविश्वास, पाखण्डता, असज्जन मनुष्योंका संग इत्यादि सबोंसे पृथक् रहनेसे निर्भयता होती हैं।

जप, तप, स्वाध्याय, होम, योग समाधि, सच बोलना, दान देना, तीर्थोंका सेवन, देवतोंका दर्शन, गुरुजनोंका आज्ञानुसार चलना, ये सबोंसे आत्मा निर्भय होती हैं। इसलिये पाठकगणसे निवेदन करता हूं जो सर्व प्रथम आत्माको निर्भय बनावे। तब ही लक्ष्यका सिद्ध होगा।

जीवोंपर दया

इस असार संसारमें मनुष्य योनी पाकर जीवोंपर दया करना परमावश्यक है। हरेक जीवोंपर समान भाव रखना अर्थात् भ्रातृ भाव अपने समान भावसे देखना क्योंकि हरेक जीवोंमें विराट रूप भगवानका अंश है। अतः हरेक जीवोंको संतुष्ट रखनेका कोशीस रक्खे। जैसे—अन्नसे, जलसे, धनसे, शरीरसे,

वचनसे, मनसे, जैसे-तैसे जीवोंपर दया रखना परमावश्यक है। पाठकगण! जो जीवोंपर दया नहीं रखते हैं, वह मनुष्य योनी पानेपर भी राक्षसके समान हैं। उनका शीघ्र ही अधः पतन हो होता है। यदी दूसरे जीवोंको संतुष्ट करेंगे तो उनका आत्मा संतुष्ट होकर आशीश देंगे। उनके आर्शीवादसे अपना आत्मा स्वयं प्रफुल्लित होकर लक्ष्य प्राप्तिके लिये निमित्त हो जायगा। इसलिये पाठकगणसे प्रार्थना करता हूं, यदि आपने लक्ष्य प्राप्तिके इच्छुक हों तो हरेक जीवोंको संतुष्ट करे। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे दूसरे जीवात्माको कष्ट न हो।

पितृभक्ति

चौरासी लाख योनियोंमें भटकते हुए भगवानकी दयासे मनुष्य योनि पाते हैं। इस योनिमें आकर पितृभक्ति करना अत्यावश्यक है, क्योंकि बिना पितृभक्तिसे इस संसारमें तथा परलोकमें सत सुख प्राप्त नहीं होता है। पितृभक्ति क्या करना चाहिये इनका नियम (१) हरेक मनुष्य पुत्रोंकी इच्छा करते हैं क्योंकि पुत्र हो जानेसे पितरोंका ऋणसे विमुक्त हो जाते हैं। यह शास्त्रोंका सिद्धान्त है। यदि कोई त्रुटि रह जाती है तो उनकी पूर्ति पुत्रोंका करना आवश्यक है तथा कारण वस पितरोंका अधः पतन हो गया हो तो उनसे उद्धार करना तथा पिता का आज्ञानुसार चलना पिताका देहान्त होनेके बाद गया आदि तिर्थोंमें श्राद्ध करना फिर बार्षिक श्राद्ध करना जिससे वंशका वृद्धि हों उसी मोताविक कार्य करना इस नियमसे जो पुत्र कार्य करेंगे उनको अष्ट सिद्धियां नव निद्धियां तथा चौदहों

भुवनोंका सब सुखोंको प्राप्त करके अन्तमें लक्ष्यके द्वारा परम गतिको प्राप्ति कर लेगी यह सिद्धान्त है।

ऋषियोंने पुत्रोंका इच्छा इसलिये किया यदि पिता अपना आत्म सुधारनेके लिये कार्य करते करते लक्ष्य प्राप्त न हो सका और भोग योनियोंमें चला गया तो पुत्रके द्वारा भोग योनियोंसे उद्धार होता है क्योंकि मनुष्य योनि ही कर्म योनि हैं। पाठक गण आज कल ये संस्था चली हैं पिताकी आज्ञाको न पालन करना तथा श्राद्ध आदिमें शास्त्रानुकुल कर्म न करके कुछ कर देना इससे कभी भी भाग्यवस कर्म रूपी मनुष्य योनि पाकर लक्ष्य प्राप्त न हो सकता। अतः पाठकगणसे निवेदन करता हूं ऐसी अमूल्य योनि पाकर पितृभक्ति करना परमावश्यक है। यथा कोई आदमी लक्ष्य प्राप्तिके लिये घोर तपस्या किया परञ्च कोई त्रुटी हो जानेसे लक्ष्य प्राप्त न हो सका उसीके अन्दर ही में उनकी मृत्यु हो गई, फिर उनको योनियोंमें भ्रमण करना पड़ेगा इसलिये पुत्रका काम है जो उन त्र्युटीकी पूर्ति करे जिससे पिताको अनेक योनिमें भ्रमण न करना पड़े क्योंकि पुत्रको ही अधिकार है आत्मा रूप ही पुत्र होते हैं। इस नियमानुसार तथा शास्त्रा-नुसार कार्य करनेसे पितरोंका आत्मा प्रफुल्लित होता है और पुत्रोंको आशीष देता है। इस आशिर्बादसे पुत्र भी इस संसार में सब पदार्थोंको भोगकर अन्तमें मोक्षपदको प्राप्त हो जाते हैं ये शास्त्र सिद्धान्त हैं हो सकता है उस महात्मा योनियोंमें भ्रमण करने से अज्ञानता वस कोई कुकर्म हो जाय तो पन्द्रह आना जो सत्कर्म है उनसे कम हो जायगा क्योंकि और योनियोंमें पूर्ण ज्ञान नहीं होता है जैसे कि किसी महात्माने पन्द्रह आना कार्य सफल

कर लिया हो एक आना त्र्युटी रह गयी हों उसी त्र्युटीके कारण अनेक योनियोंमें जाना परेगा उसी महात्माका सन्तान अपने पुरुषार्थ द्वारा कर्म करके उन महात्माकी त्र्युटीकी पूर्ति कर सकती है और उन महात्माकी त्रुटी पूर्ति हो जानेसे वह महात्मा लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे लक्ष्य प्राप्त कर लेनेके बाद उन महात्माका आत्मा सन्तानोंको आशिर्बाद देंगे उसी आशिर्बाद द्वारा सन्तानका कल्याण होगा। पाठक गण यदि हम शास्त्रानुसार तथा वंशानुसार गुरुओंका कथनानुसार अपने पितरों का भक्ती करेंगे तो हमारे सन्तान भी हमारे लिये भी शास्त्रानुकुल श्राद्ध तर्पण आदि करके मुझे शांति प्राप्ति करायेगी। पाठकगण ! आज कल नयी संस्था चली है जो पितरों का उद्धारके लिये पुत्र क्या करते हैं तो वार्षिक श्राद्ध आदिमें जैसे तैसे ब्राह्मणके निमन्त्रण देकर कुछ भोजन कराकर कुछ दक्षिणा दे दिया और ब्राह्मणसे कहते हैं, महाराज पितरोंको जल देना सो जल्दीसे काम हो जाना चाहिये। ब्राह्मण भो यजमानके कथनानुसार मन्त्रको जैसे तैसे बोलकर कामको पूरा कर देते हैं। क्या इस नियमसे पितरोंका कभी उद्धार हो सकता है, क्या इसीको पितृ-भक्ति कहते, क्या पुत्रोंका यही कर्त्तव्य है ? ये सब शास्त्र विपरीत है इनसे पितरोंका अधःपतन होता है और क्या अपना सत्कर्म किया हुआ भी पुत्रके कारण नष्ट हो जाता है। अतः पाठकगणसे साञ्जलि निवेदन करता हूं जो सन्तानोंका कर्तव्य है जिससे पितरोंका भोग योनिमें से मोक्षको प्राप्त हो जाय ऐसे कार्य करने के लिये सदा तत्पर रहें क्योंकि मनुष्य योनी ही कर्मयोनी है और सब योनियां भोग योनी है। पाठक-

गण, पुत्रोंका इच्छा मनुष्य इसीलिये करते हैं जो सन्तान वंशका तथा हमारा सत्कर्म द्वारा उद्धार करेगा। जो पुत्र पिता और माता का शरीरसे वचनसे और कर्मसे शास्त्रानुकूल भक्ति करके संसार यात्राको पार कर जाता है उनको अपना लक्ष्य भी प्राप्त हो जाता है और पुत्र भी पिताके कार्यको देखकर सुधर जाते हैं और क्या उनके वंशमें जो सन्तान पैदा होती है वह भी सुधर जाता है इसलिये मनुष्य योनि पाकर पितृ और मातृ भक्ति करना परमावश्यक है।

॥ गुरु भक्ति ॥

गुरु भक्ति करना शास्त्रोंमें तथा वेदोंमें और पुराणोंमें आता है यथार्थतः बिना गुरुभक्तिसे परमगति प्राप्ति नहीं होती हैं। परञ्च गुरु किसको मानना चाहिये—गुरु कहते हैं (श्रेष्ठ) बड़ाको, बड़ेके कहनेके मोताविक काम करनेसे प्रायः उच्च पदको प्राप्त कर सकते हैं। इत्यादि अनेकों प्रकारसे गुरु शब्दका व्याख्या अनेको विद्वानने कर चुका है। इसलिये मैं अल्पज्ञ हूं उस मोताबिक लेख लिखने में असमर्थ हूं परञ्च अपने बुद्धिके अनुसार गुरु किसको कहना चाहिये ए पाठकगणके आगे रखता हूं। पाठकगण, अज्ञान रूपी अन्धकारको हटाकर ज्ञान रूपी ज्योतिकी प्रकाश करादे उन्हींका नाम है गुरु। पहला गुरु माता हैं क्योंकि माताने ही सब पदार्थोंका ज्ञान देती हैं। उसके बाद पिता गुरु हैं पिताके द्वारा ही सत् शास्त्रोंका ज्ञान तथा आचार विचार रहन सहन इत्यादि सबोंका ज्ञान होता है। इनके बाद जिनके शास्त्रानुकूल उपदेशसे अज्ञानरूपी हृदयका अन्धकार नाश हो जाता है और

उन्हींके उपदेशानुसार पुरुषार्थ द्वारा लक्ष्य प्राप्त हो जाता है उसीका नाम गुरु है।

पाठकगण, एक गुरु शब्दसे अनेक अर्थ आता है, जैसे कोई पशु-पक्षीसे लेकर मनुष्योंमें दूसरे धर्मको मानने वाला तथा स्वधर्मावलम्बी जो हो उनके उपदेशसे तथा देखनेसे मेरे भविष्यके लिये कल्याणप्रद हो तो वह भी हमारे लिये पूज्यनीय हैं वह भी गुरु है अतः जिसके द्वारा हमारा कल्याण हो यथाशक्ति के अनुसार उनका सेवा करना आज्ञा मोताबिक रहना हमारे लिये परम धर्म है इससे ऐहिलौकिक और पारलौकिक दोनों सुखको भोगकर परम पदको प्राप्त हो जाता है फिर उनका संसारमें आवा-गमन नहीं होता है यह शास्त्र सिद्धान्त है।

जो शास्त्रका अध्ययन किया हो और शास्त्रानुकूल चलता हो और ब्राह्मण हो ऊन्हींसे मन्त्र ग्रहण करना चाहिये।

देवभक्ति

देवभक्तिसे क्या लाभ होता है और न करनेसे क्या हानि होती है।

इस असार संसारमें मनुष्य योनि पाकर सर्व प्रथम देव-ताओंमें प्रेम रखना चाहिये। संसारके अन्दर जितने पदार्थ हैं, उनसे मनको हटाकर जिस देवतामें अपना स्नेह हों उनका स्मरण ध्यान चिन्तन पाठ पूजा जप आदि करनेसे वह देवता प्रसन्न हो जाते हैं देवता प्रसन्न होनेसे आशिष देते हैं और उन आशीर्वादसे उस जीवको अष्टसिद्धियां नवनिद्धियां प्राप्ति हो जाती हैं तथा ऐहिलौकिक तथा पारिलौकिक सब सुखों को प्राप्त कर उन्हीं देवताके द्वारा सुगम रास्तासे अल्प समयमें

परमपद को प्राप्त कर लेते हैं। देवता कैसे प्रसन्न होंगे इनका क्या नियम है। पाठक गण! हमारे पूर्वज ऋषि प्रणित स्मृतियों में तथा वेदोंमें और पुराणोंमें बताये हैं जो तंत्र मंत्र यंत्र आदि से देवता प्रसन्न होते हैं और सिद्धि हो जाते हैं परञ्च जब तक शास्त्रानुकुल नियमसे देवताओंको भक्ति न करेंगे तब तक वह प्रसन्न नहीं हो सकते हैं।

जो मनुष्य देवताओंमें प्रेम न रख कर एहि संसारिक पदार्थों में प्रेम रखते हैं उनको न संसार ही का सुख होता है न परलोक का क्योंकि अन्त समयमें धनसे लेकर अपना शरीर भी काम नहीं आता है। तब वह जीव अत्यन्त दुःखी होकर बारम्बार सिरको पीटते हुये हाहाकार करके प्राण त्याग कर देते हैं और अनेक भोग योनियोंमें बारम्बार भ्रमण करना पड़ता है फिर उस जीवोंका उद्धार होना अति कठिन हो जाता है। इसलिये यदि मनुष्य योनिमें आया हो तो सबसे पहले देवताओंका आश्रय में जाओ उनके आश्रयमें जानेसे ऐहि लौकिक पारलौकिक दोनों सुखोंको प्राप्त कर अन्तमें लक्ष्यका प्राप्ति हो जायगा। ए शास्त्र सिद्धान्त है। जैसे देवर्षि नारद वशिष्ठ चारो कुमार सनक सनन्दन सनत सनत कुमार भृगु विश्वामित्र राजर्षि परशुराम अत्रि अंगिरा आदि भक्तोंमें ध्रुव प्रह्लाद उद्धव विदुर आदि ज्ञानियोंमें जनक सुकदेव कपिल देव आदि और जीन जिन महापुरुषोंका महान् आत्मा हुआ है और हैं वे सबोंने भी देवताओंका आश्रय द्वारा ही उच्च पदको प्राप्ति किया अतः मैं साञ्जलि निवेदन कर कहता हूं अमूल्य मनुष्य योनि पाकर देव देवियोंकी भक्ति अवश्य करें।

सत्सङ्ग

प्र०—सत्संग से क्या लाभ होता है और दुर्जन संग से क्या हानि होती है।

उ०—इस असार संसारमें सत्संग ही सार है। क्योंकि हरेक जीवों की इच्छा रहती है जो हमारा सुखमय समय व्यतीत होते हुए अन्त में परमसुखको प्राप्त कर लूं परंच इनका उपाय क्या है तो सत्संग। विना सत्संगसे जीवोंको सुख प्राप्त होना अति दुस्तर है। जिस जीवको सुख प्राप्त हुआ है सत्संग द्वारा ही। सत्संग ही ऐसा पदार्थ है जो बड़े पापीसे पापी बड़े अज्ञानीसे अज्ञानीको भी क्षणमात्र महान् पुरुषोंका संग होनेसे ऐहिलौकिक सुखको प्राप्त कर अन्तमें परम पदको प्राप्त कर लिया। यथार्थमें विचारदृष्टिसे देखा जाय जो सत्संगसे बढ़कर कोई पदार्थ ही नहीं है। स्वर्गका सुख अथवा मोक्षका सुख भी सत्संगके बराबर नहीं है। ये चारो वेद, छवो शास्त्र, अठारहो पुराण ऋषिप्रणित धर्मशास्त्र आदियोंमें सत्संगकी महिमा वर्णन किया है। सत्संग शब्द का क्या अर्थ है सज्जन पुरुषोंका सत्संग अर्थात् सत ही जिनका व्यवहार है उन महान् पुरुषोंके साथ रहना, बैठना, वार्त्तालाप करना, उनकी आज्ञाको पालन करना, उन महान् पुरुषोंके कथनानुसार कर्म करना इत्यादि। ऐसा कार्य करनेमें सत्रूप ही कम हो जाता है तब उनके पास ऋद्धि सिद्धि तथा चौदहो भुवनोंका सब पदार्थ स्वयं आ जाता है।

खोटे भी अच्छेका सत्संग करते हैं तो उनका खोटापना चला जाता है और अच्छे बन जाते हैं। और (सत) अच्छा

कर्म उनका संग करना अर्थात् अच्छा कर्म करना शास्त्रानुकूल महान् आत्मा है। जिनका उनके कथनानुसार कर्म करना। सत्संग ही मोक्षके चार दरवाजेंमें एक दरवाजा है। पाठकगण! यदि संसाररूपी समुद्रसे पार होनेकी इच्छा हों तो उपर लेखानुसार (सत्संग) का आधार लेनेसे अल्प ही समयमें दुस्तर संसार समुद्रसे पार हो जायंगे। जैसे किसी गौ की खुर कीचरपर परने से चिन्ह हो जाता है उन पर पानी पड़नेसे अटक जाता है उनको पार होना सुलभ होता है वैसे ही ए दुस्तर संसार रूपी समुद्रको पार होनेमें अति सुलभ हो जाता है। दुर्जन पुरुषोंका संग भूलसे भी नहीं करना चाहिए क्योंकि उनका संग करनेसे ऐहि-लौकिक पारलौकिक दोनों बिगड़ जाता है और उन जीवको चौरासी लाख योनियोंमें बारम्बार भटकना पड़ता है। फिर उनके लिए संसार-यात्रासे उद्धार होना अति कठिन हो जायगा। इसलिए दुर्जनके साथ रहन-सहन वार्त्ता आदि न करें।

विचार

इस संसारमें प्राणियोंके अन्दर मनुष्य ही में विचार है। इसलिये मानव जातियोंके लिये सर्व प्रथम विचार द्वारा हो कार्य करना आवश्यक है विचार द्वारा जो कार्य किया जाता है वही सफल होता है। यदि कारण वस कोई कार्य करनेमें स्वयं बिचार करनेमें संशय हो जाय तो महान् पुरुषोंके द्वारा अथवा शास्त्रानुकुल विचारसे कार्य सम्पादन करें। किन्तु बिना विचारसे कार्य न करें, बिना विचारसे कार्य जो किया जाता है वह बिफल हो जाता है और इस लोकमें तथा परलोकमें दुःख दायक होता

है और जो शास्त्रानुकुल तथा श्रेष्ठ जनोंके विचारानुकुल अथवा अपने स्वस्थ चित्तसे विचार कर जो काम किया जायगा वह इस लोकमें तथा परलोकमें दोनों स्थानोंमें सुख दायक होता है और उनका लक्ष्य सिद्ध हो जाता है। विचार ही ऐसा पदार्थ हैं जो अति कठीनसे कठिन कार्य अति सुगम हो जाता है। विचार द्वारा ही बुद्धिकी प्रकाश होती है विचार द्वारा ही सत्य और असत्यका निर्णय होता है विचार द्वारा ही आत्म ज्ञान होता है। विचार द्वारा ही असम्भव कार्य भी हो जाता है और क्या इस असार संसारमें जो जो महान् पुरुष हो चुके हैं अथवा जो जीवन मुक्त पदको प्राप्त कर चुका है तथा चिरजीवी पदको लाभकर लिया है और परम पदको प्राप्त कर लिया है सो सब विचार द्वारा ही। पाठक गण विचार ही मोक्षका दूसरा फाटक है। अतः मैं विवेदन करता हूं जो अलभ्य मनुष्य योनि पाकर जो काम करे सो अच्छा विचार द्वारा ही। जैसे—दूध जल मिलाहुआ हंसके सामने रखनेसे हंस दूधको ग्रहण कर लेते हैं और जलको छोड़ देते हैं ऐसे ही मानव जातियोंको चाहिये खराब विचारको त्याग दें, और अच्छा विचारको ग्रहण करें।

सम दम

बड़े भाग्यसे मनुष्य योनि होता है जो देवता भी सदा इच्छा करते रहते जो भारतवर्षके अन्दर मनुष्य योनि पावें। ऐसी मनुष्य योनि पाकर इन्द्रियोंका दमन करना आवश्यक हैं, क्योंकि जब तक इन्द्रियोंका दमन न करेंगे तब तक कोई कार्य सफल नहीं हो सकता है इन्द्रियोंका दमनका अर्थ है। इस शरीरके अन्दर ग्यारह इन्द्रियाँ है पांच कर्मेन्द्रिय पाँच ज्ञाने-

न्द्रिय और ग्यारहमा हैं मन । मन ही कर्मेन्द्रिय ज्ञानेन्द्रिया ये दोनों इन्द्रियोंका राजा है जब तक मन आधीन नहीं होगा तब सक कोई कार्य सफलीभूत नहीं होगा। इन्द्रियोंका शत्रु कौन है तो काम क्रोध, मोह मद लोभ और मात्सर्य इन शत्रुओंको पराजय करने वाला मन है इसलिये मनको अपने कण्ट्रोलमें लाना परमावश्यक है। जो मनको अपने कण्ट्रोलमें नहीं लाते उनको सब इन्द्रियां विगड़ जाती है और बिना राजाका राज्य देखकर छवों शत्रुओंने उन जीवको अपने आधिन कर लेते हैं तब उन जोवका इस संसार चक्रसे उद्धार होना अति कठिन हो जाता है मन ही के द्वारा मनुष्य परम पदको पाता है अथवा मन ही के द्वारा नरकगामी होते हैं। इसलिये मनको दमन करते हुए समान दृष्टि भावसे संसारके अन्दर समय व्यतीत करें। यदि मन बहुत चञ्चल होता है परञ्च उनको आत्माके आधीन रखे कभी भी मनको स्वतन्त्र न होने दे। जैसे घोड़के सवार घोड़ा बहुत वेगसे चला जा रहा है परञ्च झटसे घोड़ेका वेगको सियाना सबार बागडोर द्वारा रोककर काबू कर लेता है वैसे ही मनका वेग आत्माके आधीन होने से रुक जाता है। मनके आंधी न होनेसे दसों इन्द्रियाँ स्वयं आधिन हो जाती है और शास्त्रानुकुल तथा नियमानुकुल अपने अपने विषयोंमें विचरते रहते हैं पाठक गण इस नियमानुसार जो मनुष्य कार्य करेंगे उनको कोई आपत्तियाँ न आयगी और वह संसारोक भोगोंको भोगते हुये भी बन्धनमें न पड़ेंगे और अन्तमें मोक्ष पदको प्राप्त कर लेंगे। ए शास्त्र सिद्धान्त है और मोक्षका तीसरा फाटक हैं !

सन्तोष

मानव जातियोंके लिये सब धनोंमें से प्रधान धन है संतोष। जिन मनुष्यके अन्दर सन्तोष है वही बलवान, बुद्धिवान, धनवान ज्ञानवान है। जैसे बनमें रहनेवाले हाथी संतोषको अवलम्बन करके सुखा हुआ घास पात आदि खाकर रहते हैं परञ्च बड़ा बलवान होते हैं सर्प हवाकी अहार लेकर रहते हैं तो वह भी बलवात होते हैं और ऋषियोंने कंद मूल खाकर वनमें समय को व्यतीत करते हैं तो वे कैसे प्रतापी होते हैं। पाठक गण इसलिये संतोष सब धनोंमें से प्रधान धन हैं।

अतः हरेक मनुष्योंका कर्त्तव्य हैं जो कार्य करे सांसारिक कार्य व्यापार जप तप पूजा पाठ अध्ययन आदि उनमें उद्योग परिश्रम कार्य क्लेश वाक क्लेश मानसिक क्लेश आर्थिक क्लेश आदि करनेपर अथवा होनेपर भी सन्तोषको त्याग न करें। क्योंकि सन्तोष ही द्वारा आपत्तियां विपत्तियां और हरेक तरहकी झंझट आदि दूर हो जाती है और सन्तोषी महान पुरुषोंकी आत्मा परम सुखी रहता है। जिन मनुष्योंके अन्दर सन्तोष नहीं हैं उनको ऐहि संसारिक कार्यमें व्यापार जप तप पूजा पाठ आदि में अति परिश्रम करनेपर भी उनकी आत्मा दुःख ही रहता है और सुख प्राप्त होना उनके लिये असम्भव होगा क्योंकि असन्तोषके कारण उनकी आत्मा अशान्त रहते हैं तब सुख कैसे प्राप्त हो जब तक आत्मा शान्त न होगा तबतक सुख होना ही असम्भव है। पाठकगण इसलिये मानव जातियोंके लिये सन्तोषको धारण करना परमावश्यक है और मोक्षका चारिमा फाटक है॥

पाठकगण मोक्ष पाने की चार उपाय हैं। सत्संग १ विचार २—इन्द्रियोंका निग्रह ३—समदम ४—सन्तोष। इन चारोंमेंसे एकको भी दृढ़ता पूर्वक जो धारण कर लेते हैं उनको स्वयं ही चारो आपसे आप ग्रहण हो जाता है फिर उनके मोक्ष पदको प्राप्त होना अति सुलभ हो जाता है।

प्रालब्ध कर्म

प्रारब्ध कर्म द्वारा ही जीवोंका जन्म मरण होता है संसारके अन्दर चौरासी लाख योनियोंमें तथा चौदहो भुवनके अन्दर जिस योनियोंमें जाते हैं सो प्रारब्ध कर्मके द्वारा ही और सुख दुःखका भोग जो करना परता है सो प्रारब्ध कर्मके द्वारा ही जब तक कर्म रहेगा तब तक आवागमनसे छुटकारा पाना कठिन है। पाठकगण इसलिये मानव जातियोंके लिये ये शोचनीय हैं जो चौरासी लाख यनियोंमें अलभ्य मनुष्य शरीर पाकर आवागमनका चक्कर में से उद्धार नहीं हुआ तो फिर दूसरी योनियोंसे उद्धार होना असम्भव हैं क्योंकि और योनियां भोग योनियां हैं। परब्ध कर्म द्वारा ही आवागमनसे विमुक्त होते हैं। ऐसा कौन कर्म है जो कर्म करनेसे प्रारब्ध कर्मका भोग न करना परे तथा आवागमनसे छुटकारा पावे। पाठकगण वह है निष्काम कर्म क्योंकि मनुष्य योनि होता है। शास्त्रानुकूल कर्म करनेके लिये इसलिये जो कर्म करे सो निष्काम कर्म करे जिन देवताओंका तथा पितरोंका और अन्य देव देवियां आदिका कर्म करे सो उन्हींको अर्पण कर दें ऐसे करनेसे कर्म करनेवालेका पास कर्म नहीं रहता है तब वह कर्मके बन्धनमें नहीं फँसता है फिर उनके लिये मोक्ष पदको प्राप्त करना अति सुगम हो जाता है। प्रारब्ध कर्म किसको कहते हैं तो पहिले

जन्मका किया हुआ कर्म प्रारब्ध कर्म कहलाता है उसी कर्मके द्वारा अनेक योनियोंमें भटकते हुए ईश्वरकी दया दृष्टिसे मनुष्य योनिमें आता है क्योंकि मनुष्य योनि पाकर आवागमनसे विमुक्त हो जायँगे ऐसे अलभ्य मनुष्ययोनिका प्रादुर्भावके से होता है सो बतलाता हूँ जब नर और नारी का संयोग होता है तब रज और वीर्य दोनों एकत्रित होनेसे पोन्डाकार जीव होते हैं पुनः क्रमशः उनका वृद्धि होने लगती हैं छ महीनोमें सब अंग बन जाता है सातवें महीनामें जीवका ज्ञान हो जाता है तब जीव मलमूत्र मय्या खून आदियोंसे वेष्टित होकर अनेकों दुःख भोगते हैं और अनेक जन्मोंका किया हुआ कर्म स्मरण होता है। तब वह जीव ईश्वरसे प्रार्थना करता है हे भगवान् ईश दुःखसे उद्धार करो फीर मैं ऐसा कर्म न करूंगा सोगन्द (सपत) करता हूँ इसी प्रकार अति दुःखी होकर बहुत करुणासे भगवानसे विनय करता है तब दीन दयालु प्रभुने उन जीवको उस गर्भ रूपी दुःखसे विमुक्त कर देते हैं परञ्च वह जीव गर्भसे निकलनेपर प्रतिज्ञा भूल जाती है और संसार चक्रमें फँस जाते हैं इसलिये पाठकगणसे प्रार्थना करता हूँ ऐसा अमूल्य मनुष्य योनि पाकर जन्म मरणसे विमुक्त नहीं हुआ तो फिर बारम्बार शिर धुन २ कर पछताना पड़ेगा अतः शास्त्रानुकूल निष्कर्म कर्मके द्वारा प्रारब्ध कर्मको निर्मूल कर परम पदको प्राप्त करें क्योंकि कर्मानुसारही जन्म मरणका चक्रमें परता है इसलिये ऐसा कर्म करे जिससे प्रारब्ध कर्म बने नहीं।

योग

इस संसारमें अमूल्य मनुष्य योनि पाकर जन्म मरणके चक्करसे विमुक्त होनेका मुख्य उपाय है योग। योग ही द्वारा

परम पदको प्राप्त होता है। दो चीजको एक बना देना उसीका नाम है योग। इस शरीरके अन्दर जीवात्मा और परमात्मा ए दोनोंका वास है जोवात्माको परमात्मासे मिलानेका विधि। चतुर्दल कमलसे जोवात्मा को उठावें। ईड़ा पिंगला और सूखूम्ना ऐ तीन नाड़ियां हैं इनमेंसे ईड़ा नाड़ीके द्वारा उठाकर षड़दल कमलदल में जाकर विश्राम दे वह स्थान है नाभी। फिर अष्टदल कमलमें विश्राम दे वह स्थान है हृदय फिर द्वादश कमलमें विश्राम दे वह है कंठ पुनः द्विदल कमलमें विश्राम दे वह स्थान है दोनों भ्रूवोंके बीच तब जाकर सहश्रदल कमलमें (ब्रह्माण्डमे) स्थित जो परमात्मा ऊनमें जीवात्माको मिला दे जबतक समाधि रखे तबतक सूखुम्ना नाड़ोसे काम ले फिर जीवात्माको परमात्मासे अलग करे तो पिंगला नाड़ी द्वारा द्विदल कमल द्वादश कमल अष्टदल कमल षट्दल कमलमें ठहराये हुए चतुर्दल कमलमें स्थित कर दे ये युक्तियां पूर्ण ज्ञानवानोंके लिए है अज्ञानियोंके लिए नहीं क्योंकि श्वांसाको एकाएक उठानेसे प्राण निकल जाता है। अतः ए ज्ञान जिनको पूर्ण है ऐसे विद्वानसे शिक्षा लेकर कार्य करें।

पाठकगण! जीवात्माका वास है नाभीसे नीचे और पेशाब मार्गसे ऊपर वहां पर चार दलका कमल है वहीं पर। और सूतासे भी सूक्षम है तथा सर्पाकारके समान अढ़ाई बार लपेटा हुआ रहता है। और परमात्माका वासस्थान है। ब्रह्माण्डमें (शिर में वहां हजार दलका कमल है ऊसी में।

फिर मानव-जातियों को रोज अभ्यास करना चाहिये जो जीवात्माको उठाकर परमात्मासे मिलावे। दोनों एक हो जानेसे

वह आत्मा अजर अमर हो जाते हैं फिर उस जीवात्माको संसार के चक्रमें नहीं आना पड़ता है और अन्त समयमें अभ्यासके द्वारा परम पदको पा जाता है। क्योंकि जिस वस्तुका अभ्यास बन जाता है वह नहीं छूटता है। इसीलिए रोज अभ्यास करें। थोड़ा थोड़ा अभ्यास पहले करें फिर उस अभ्यासको बढ़ाते जायं। ऐसा करनेसे पूर्ण अभ्यास हो जायगा। पूर्ण अभ्यास होने से स्वयं ही अन्त समयमें अभ्यासके कारण जीवात्मा परमात्मा में मिल जायेगा। तब उस जीवका आवागमन होगा नहीं और परम कल्याणप्रद जो मोक्ष उनको प्राप्त कर लेंगे। यदि आप कहेंगे जो योग-कर्म करनेसे सांसारिक कार्य न कर सकेंगे सो भूल है क्योंकि योगारूढ़ होने पर हरएक कार्य कर सकते हैं क्योंकि योग कर्म तो है आभ्यान्तरिक अर्थात् भीतर का बाह्य-कर्म अर्थात् बाहरी कर्म करनेमें कोई योग द्वारा बाधा नहीं होगा योगी महात्माओंको जब संकल्प विकल्प मनमें पैदा होती है तब वे महात्मा लोगोंने योग द्वारा परमात्मामें लीन हो जाते हैं फिर उन लोगोंको संकल्प विकल्प द्वारा भ्रष्ट कर्मोंका फला-फल नहीं होता है क्योंकि परमात्मामें लीन होनेसे कर्म रहता ही नहीं तब फलाफल हो क्यों ?

योग द्वारा जब जीवात्माको परमात्मामें तल्लीन कर देते है तब बाह्य ज्ञान रहता है नहीं। उस अवस्थाको समाधि कहते हैं। परञ्च योगी अर्थात् योग कर्म करनेवाले जितना समयका समाधि लगाता है उतना ही समय तक समाधि रहता है इसका कारण है मनका संकल्प। जब योगीको किसी विघ्नके कारण योग कर्म भ्रष्ट होने लगता है उसी क्षण परमात्मामें लीन होकर समाधिस्थ हो जाते हैं।

समाधि द्वारा ही आत्मा शान्त होता है। आत्मा शान्त होनेसे परम शान्त जो मोक्ष है उस पदको प्राप्त हो जाते हैं। पाठकगण! समाधि केवल जीवात्मा को परमात्मासे मिला दे उसीका नाम नहीं है। समाधि हरएक पदार्थमें लगा सकते हैं। जैसे कोई भगवानका नाम जपते हैं और मनको हर एक पदार्थ से हटाकर नाममें लगा दिया उसीका नाम हैं समाधि। यथार्थतः समाधिका अर्थ है एकाग्र चित्त करना। वह कि संसारिक विषय हो अथवा परमार्थिक हो परञ्च मानव जातियोंके लिये संसारिक विषयसे मनको हटाकर परमार्थिक कार्यमें एकाग्र चित्तका अभ्यासकरे ऐसे अभ्यास करनेसे समाधि द्वारा परमपदको प्राप्त कर लेंगे।

ध्यानके द्वारा परमपदको प्राप्त होता है परञ्च पद्मासन लगाकर दोनों आंखोंको मीच (बन्दकर बैठ जाना उसका नाम ध्यान नहीं है। ध्यानका अर्थ है चिन्तन स्मरण। जिस देवताका अथवा देवियोंको ध्यान करे उन देव देवियोंकी मूर्ति साक्षात्कार हो जायँ यथार्थतः सच्चा ध्यान होनेसे उन देव देवियोंसे साक्षात् वार्तालाप होता है और ऐहि सांसारिक पदार्थोंको भोगकर उन्हीं देव देवियोंके द्वारा परमपद जो मोक्ष उनको प्राप्त कर लेता है। पाठकगण! एसे अमूल्य मनुष्य योनि पाकर हरएक मानवोंके लिए परम आवश्यक है ध्यान करना। पाठकगण! योग समाधि और ध्यान ये तीनों एक ही पदार्थ हैं इनमें जिनको जिसमें रुचि हो उसी पदको अवलम्बन कर ले। उसी द्वारा परमपदको प्राप्त कर लेंगे ये शास्त्र सिद्धान्त हैं।

देवोंका साक्षात्कार

देवतायें तथा देवियोंका साक्षात्कार तीन प्रकारसे होता है। एक तो जिन इष्टदेव और देवियोंकी ध्यान करते हुए मग्न हो जाते हैं उन देवियोंकी शक्ति ध्यान करनेवालेमें प्रवेश हो जाती हैं फिर उन शक्तिके द्वारा सांसारिक सब कार्योंका सम्पन्न कर अन्तमें उन देव देवियोंका साक्षात्कार हो जाते हैं फिर उन्हीं देव देवियोंके द्वारा परमपदको प्राप्त कर लेते हैं। यद्यपि संसारिक कार्य लेना होता है तो उन देव देवियोंकी प्रेरणासे उन कार्यको सम्पन्न कराते हैं परञ्च उनका फलाफल उन जीवको नहीं होता है। क्योंकि देवताओंकी प्रेरणासे कार्य होता है इसलिये उन जीवको फलाफल नहीं होता है। दूसरा प्रकार है तद्रूप अर्थात् जिन देव देवियोंकी स्वरूपका ध्यान प्रति क्षण करेंगे उन्हीं देव देवियोंका रूप हो जायँगे। तब इन देव देवियोंकी शक्ति भी उनमें आ जायगी फिर उन देव देवियोंका साक्षात्कार क्या तद्रूप ही हो जायगा तब उन जीवोंके लिए सांसारिक कार्य विना प्रयास ही हो जावेगा और अन्तमें अति सुगम रस्तासे परमपदको लाभ कर लेंगे। तीसरा प्रकार है प्रगट। पाठकगण! जिन देवियोंकी जिस प्रकारकी भावना करते हैं उसी भावना मोताबिक वह देव देवियां प्रगट होती हैं फिर उन जीवोंका मनोभावना पूरा कर देते हैं और अन्त समयमें उन्हीं देव देवियोंके द्वारा आवागमनसे छुटकारा पा जाते हैं। परञ्च देव योनिमें भी पूर्ण ईश्वरी अंश सबोंमें नहीं रहती हैं। जिनमें जितनौ अंश है उसी मोताबिक वह कार्य सफल होता है किन्तु थोड़ा अंश जिनमें है वह थोड़ा ही समयमें प्रसन्न

होते हैं और जिनमें पूर्ण अंश हैं उन देव देवियोंको प्रसन्न करनेमें समय लगता है। इसलिए अवेश प्रवेश और प्रकट सच्चे हृदयसे किया जाय तो निश्चय ही अवेश प्रवेश और प्रगट ईश्वरी अंशका हो जाता है ए शास्त्र सिद्धान्त हैं।

आहार कैसा होना चाहिये

सर्व प्रथम मानव जातियोंके लिये आहारमें ध्यान रखना परमावश्यक है क्योंकि आहार ही द्वारा बल वीर्य आरोग्यता और मृत्यु इत्यादि होता है। यद्यपि शास्त्रोंमें सात्विक राजस और तामस आहार लिखा है परञ्च सात्विक आहार करनेसे बुद्धिकी बृद्धि होती है। तथा बल वीर्य बढ़ता है और पूरा समय होनेपर मृत्यु होती है। बुद्धिकी बृद्धि होनेसे अच्छा विचार होता है अच्छा विचार होनेसे ज्ञान होता है ज्ञान होने से संसारिक सब कार्य करते हुये भी अन्तमें ज्ञान द्वारा ही संसारी बन्धनसे विमुक्त हो जाते हैं अर्थात् आवागमनका चक्करसे छुटकारा पा जाता है। सात्विक आहारहै हलका पदार्थ जो भोजन करनेसे शीघ्र परिपक्व हो जाय और मनमें विकार को प्राप्त न करें और थोड़ा आहार करे जिससे शरीरके अन्दर इन्द्रियाँ विकृत न हों। पामित अहार करनेसे अनेक गुण लाभ होता है। आलस्य तथा हिंसा आदि नहीं होती हैं। पाठक-गण! आप कहेगें जो हिंसा शब्दसे तो तामसी आहार अर्थात् राक्षसी आहारका ज्ञान होता है सो यहाँ हिंसा शब्द हतोहतः का तात्पर्य नहीं है। वेदका वाक्य है जो (सकलं ब्रह्म मयं जगत्) संसारोंके अन्दर सब पदार्थ ब्रह्म रूप जीव हैं। तब तो जो पदार्थ भोजन करेंगे सो तो जीव ही हुआ तब

जीवको भोजन कैसे करे परञ्च जीव तो हैं लेकिन एक चेतन पदार्थ है एक जढ़ पदार्थ है चेतन पदार्थमें साक्षात् जीव मालूम होता है और जढ़ पदार्थ में साक्षात् जीव मालूम नहीं होता है इस लिये जढ़ पदार्थको निर्जीव कहते हैं अतः जढ़ पदार्थको भोजन करनेसे हिंसा नहीं समझी जाती है। पाठक गण ! यथार्थतः विचार द्वारा देखा जाय तो जढ़ पदार्थमें भी जीव है अतः मैं ऊपर लिख चुका हूं जो थोड़ा आहार करनेसे हिंसा कम होगी। कलियुगमें अन्न ही में प्राण है इसलिये अन्न खाना प्राण रक्षाके लिये आवश्यक ही है परञ्च सात्विक आहार करे और थोड़ा आहार करे जिससे शरीरमें सब इन्द्रियां ठीक रहें क्योंकि इन्द्रियां ही द्वारा सब काम करेंगे। यदि आहार ठीक रूपसे किया जायगा तो जो कार्य करगे सो तन मन वचन से किया जायगा। वह योगाभ्यास हो या तप हो या जप हो या पूजा पाठ हो अथवा सांसारिक कार्य हो सो सुचारु रूपसे होगा। यदि सात्विक भोजन न करेंगे और जादा निमक वाला साग (तरकारी) जादा गरम वाले पदार्थ जादा करुवा आदि खानेसे तथा ज्यादा भोजन करनेसे शरीर में क्लेश मनमें क्लेश बोलनेमें क्लेश पैदा होगी तब योगाभ्यास आदिका बात ही क्या संसारिक कार्य कोई नहीं कर सकते हैं अतः मानव जातियोंके लिए पूर्ण ख्याल रखना चाहिये जो सात्विक पदार्थ तथा थोड़ा भोजनका अभ्यास लगावें ऐसा अभ्यास करनेसे एहि सांसारिक सब कार्योको साधन करते हुए अन्तमें मोक्षपदको प्राप्त कर लेंगे ए शास्त्र सिद्धान्त हैं।

स्वास्थ्यका रक्षा

इस संसारके अन्दर अमुल्य मनुष्य योनि पाकर अपने

स्वास्थ्यका रक्षा करना अत्यावश्यक हैं क्योंकि जब तक स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा तब तक कोई कार्य नहीं कर सकते हैं। स्वास्थ्य रक्षाका नियम सुबहमें सबेरे उठकर पेखाना आदिसे होकर जहां पर खुला हवा चलती हो गन्दी हवा नहीं हो वहां जाकर थोड़ा समय हवामें घुमे उसके बाद थोड़ा व्यायाम करे व्यायाम करने से शरीरके अन्दर सब नाड़ियां ठीक रूपसे चलती हैं और तन्दुरुस्त रहता है फिर थोड़े समयके बाद स्नान आदि करें फिर सात्विक आहार करें जो आहार करने से शरीरमें बीमारी पैदा होती है ऐसी आहार न करें। पाठक महोदय! वास्तविक विचार दृष्टिसे देखा जाय तो बिना स्वास्थ्यके अच्छा होनेसे कोइ कार्य नहीं कर सकते हैं स्वास्थ्यमें किसी प्रकारकी गरबरी होजानेसे कोई काममें मन ही न लगेगा बिना मनसे कार्य होगा नहीं बिना मनसे जो काम किया जाता है सो बिफल हो जाता है अतः स्वास्थ्यका रक्षा करना मुख्य धर्म है स्वास्थ्य अच्छा होनेसे सांसारिक कार्य हो अथवा परमार्थिक कार्य हो दोनों कार्योंको सम्पन्न कर कसते हैं इसलिये पाठक गण से निवेदन करता हूं जो सर्व प्रथम जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहे उन कामोंमें तत्पर होते हुए आलस्यको त्याग कर परम पद प्राप्त करनेके लिये कटिबद्ध हो जाय।

पाठक महोदय! यथार्थतः विचार दृष्टिसे देखा जाय तो स्वास्थ्य रक्षाके लिये तीन उपाय हैं पहला उपाय तो यह है कि जो पदार्थ हम भोजन करें उस पदार्थको भगवानको अर्पण कर तथा फिर उन पदार्थको भगवान्‌का प्रसाद समझकर भोजन करें तब उन मानवोंके लिये अस्वास्थ्य कारक पदार्थ भी

स्वास्थ्य कारक हो जाते हैं और वह मानव संसारके अन्दर अनेक झंझटको टारते हुये तथा सहन करते हुये अन्तमें उन भगवानका प्रसाद भक्षणके कारण मोक्षको प्राप्तकर जाता है। क्योंकि भगवानका अर्पण किया हुआ अन्न अमृत तुल्य हो जाता और उन मनुष्योंके अन्दर कोई बिमारी पैदा नहीं होती है तथा बल वीर्य बढ़ जाते हैं और बुद्धि अच्छी हो जाती है अच्छी बुद्धि होनेसे विचारका अंकुर हृदयमें जम जाता है विचार होनेसे ज्ञान होता है ज्ञान होनेसे संसारका आवागमनसे छुटकारा पा जाता है।

दूसरा उपाय यह है स्वांसाको रोकना। स्वांसा कैसे रोका जायगा इनका नियम स्वांसाके अधार पर ही जीवन है स्वाभाविक स्वासा चलने के जितना नियम है उतना चलने से स्वास्थ्य में किसी प्रकार को बीमारी पैदा नहीं होती है। इसका यह कारण है हरेक मनुष्योंके ब्रह्माण्डमें अर्थात् शिरमें सहस्र दल कमलमें स्थित परमात्मा हैं उनसे अमृत टपकता रहता है अतः जीवात्मा की स्वासाके द्वारा रोज अमृत पान करावें जब जीवात्मा अमृत पान कर लेते हैं तब उन जीवात्मा का शरीरमें किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होती है और कोई आपत्तियां आने पर भी उन मनुष्योंको हानि नहीं होती है तथा संसारिक सब कार्यों को करते हुये अन्तमें मोक्ष पदको प्राप्त कर लेते हैं। पाठकगण शुद्ध हवा, शुद्ध जल, पवित्र मन, पवित्र आहार, पवित्र वस्त्र शुद्ध वार्त्तालाप, पवित्र मानवों का संग, विश्राम, पवित्र आसन, पवित्र सय्या या सोनेका स्थान आदि करनेसे भी स्वास्थ्य अच्छा रहता है। यदि प्राणायाम करे तो २४ बार करे तथा प्राणायाम पूरा हो जानेसे कमसे कम १५ पन्द्रह मिनट ठहर कर भोजन आदि करे क्योंकि

नाड़ीका संचलन हो जाता है इसलिये थोड़ा काल विश्राम करने से सब नाड़ियां स्थिर हो जाती है तब जो काम करेंगे सो सुचारु रूपसे होगा और स्वास्थ अच्छा रहेगा।

तीसरा उपाय है योग। योग कर्म करने वालोंका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहता है क्योंकि योग कर्म हैं जीवात्माको परमात्मा में मिला देना अर्थात् योग कर्म करने वाले महान् पुरुषोंने (सोऽहम्) इन महा मन्त्रका नाड़ी द्वारा स्वासाको खीचते हुये ब्रह्माण्डमें ब्रह्म रूप जो परमात्मा उनसे एकत्व कर देते हैं जीवात्मा को। अर्थात् उन महान् पुरुषोंको ब्रह्म रूप मैं हूं ए भान हो जाता है फिर उनके लिये स्वास्थ्यका अच्छा रहना अति सुगम हो जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिसे भी देखा जाय तो जब स्वासाको नाड़ी द्वारा ऊपर को खींचता है तब सो इस शब्दसे उपर स्वासा चढ़ता है और 'हम' इस शब्दसे नीचे स्वासा गिरता है इसी प्रकार बारम्बार स्वासाको उपर ले जाना तथा नीचे गिराना और विश्राम करना इससे सब नाडियोंका बिकार स्वासा द्वारा निकल जाता है और अच्छी हवा आजाती है। इससे सब नाड़ियां शुद्ध हो जाती है अतएव स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

॥ देव दर्शन ॥

चौरासी लाख योनियोंमें अमूल्य मनुष्य योनि पाकर देवताओंका दर्शन करना परमावश्यक है। क्योंकि देव देवियों की दर्शन करने से मन प्रसन्न हो जाता है। मन प्रसन्न हो जानेसे आत्मा शुद्ध हो जाता है और दशों इन्द्रियों द्वारा विकार पैदा नहीं होती है तथा शुद्ध आत्माके अन्दर देवताओं का वास हो जाता है। जब देव देवियों का अन्तः करणमें वास हो जाता है

तब उन देवोंका आभास (रूप) आंखोंके सामने आने लगता है फिर क्रमश: रूप सामने आते आते उन देव देवियोंका साक्षात्कार हो जाता है। पुन: उन्हीं देव देवियोंके द्वारा संसारके बन्धनसे छुटकारा पा जाता है।

पाठक महोदय ! यथार्थत: विचार पुरस्सर देखा जाय तो रोज नियमानुसार देवताओंका दर्शन करनेसे तथा स्मरण करनेसे मानवोंके हृदय में अज्ञानता रूप जो अन्धकार है उनका नाश हो जाता है और ज्ञान रूपी ज्योतिकी प्रकाश हो जाती है तब मानवों के लिये संसार रूपी बन्धनसे विमुक्त होना अति सुगम हो जाता है इसलिये मनुष्योंके लिये देवताओं का दर्शन तथा स्मरण करना परमावश्यक है।

परञ्च सम्प्रति समय में बहुत भाइयोंका कहना है जो मन्दिर आदिमें दर्शन करने से धर्म न होकर उलटा पाप होता है क्योंकि दर्शन करने वाले प्रेमियोंने देव दर्शन न करके कुदृष्टिसे दूसरे की दर्शन करते हैं। पाठक महोदय ! बात तो यह सच है परन्तु मानव जातियोंके लिये इस विषय में परम विचारणीय है कि यदि मनुष्य योनि पाकर इन्द्रियोंके वशीभूत हुआ तो फिर कौन ऐसी योनि है जिस योनिमें इन्द्रियों को अपने बसमें रखे सो ऐसी चौरासी लाख योनिके अन्दर मनुष्य योनि ही है जो इन्द्रियां को अपने आधीन रखे किन्तु स्वतन्त्र न होने दे अतएव मन्दिर आदिमें मनुष्योंके लिये दर्शन करना आवश्य है। जो मानव देव दर्शनके बहाने से कुदृष्टिसे दूसरी ओर देखते हैं वे मनुष्य नहीं बल्कि राक्षस हैं।

पाठकगण ! देव दर्शनका यह मतलब नहीं है कि मन्दिरमें

जाकर देवताओं का दर्शन करे किन्तु देव शब्दका तात्पर्य यहां पर यह है कि जिनकी आत्मा महान हो अथवा दिव्य दृष्टि हो जैसे ब्रह्मर्षि देवर्षि राजर्षि तथा गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदी तथा सिद्ध मुनियोंका तथा पुण्य तीर्थोंका काशी, अयोध्या, मथुरा, द्वारिका, जगन्नाथपुरी इत्यादि सबोंका दर्शन करे जो समीप में देव मन्दिर हो अथवा जो नदी हो तथा जो तीर्थ आदि हो उनका। इसलिये ये देव दर्शन देवताओंका स्मरण नित्य करना चाहिये।

॥ गृहस्थ धर्म ॥

अमूल्य मनुष्य योनि पाकर गृहस्थ धर्मका क्या रहस्य है, सो समझना आवश्यक है। पाठकगण! गृहस्थ धर्मका मतलब यह है कि हमारे पूर्वज दिव्य दृष्टि ऋषि महात्माओंने आयुका चार भाग किया और चार अवस्था बनायी और चार आश्रम बनाये, जिनमें पहला बाल अवस्था ब्रह्मचर्याश्रममें रह कर ब्रह्मचर्यको पालन करे। दूसरा अवस्था युवा जिसमें विवाह वेद-रीतिसे करके गृहस्थाश्रममें रह कर संतानोत्पत्ति करें। तीसरा अवस्था ५० वर्षसे ऊपर होनेसे स्त्री सहित भोग पदार्थको त्याग करके वानप्रस्थाश्रममें धर्मोपार्जन करें। चौथा अवस्था ७५ वर्ष से ऊपर होनेसे संन्यासाश्रममें सब कर्मोंका त्याग करके परब्रह्म परमेश्वरमें तल्लीन हो जाये।

पाठक प्रेमियो! यदि बाल अवस्थामें अर्थात् अबतक विवाह न किया हो उस अवस्थामें ही हरेक विषयका ज्ञान होना चाहिये, जो मानव अच्छी गुरुके द्वारा शिक्षा पा जाती है तथा रहन-सहन और सज्जन पुरुषोंका संग होनेसे अच्छी बुद्धि होती है और

अच्छा विचार मनमें आ जाता है तब उस मनुष्यके लिये और जो आश्रम हैं तथा उन आश्रमोंका जो धर्म है सो उन धर्मोंको शास्त्र रीतिसे पालन करते हुए अन्तमें मोक्ष पदको प्राप्त कर लेता है। अतः सर्व प्रथम मानव जातियोंका कर्त्तव्य है जो बाल अवस्थामें शिक्षा आदि अच्छी ढङ्गसे दिया जाय।

पाठकजी ! कुमार अवस्था जो है सो मनुष्यके लिये साधन अवस्था है उस अवस्थामें जो साधना कर लेता है उनके लिये कोई अवस्था तथा कोई आश्रम बाधा कारक नहीं होता है। जैसे ध्रुव प्रह्लाद आदि महान् पुरुषने कुमार अवस्थामें साधना किया तो अचल पदको प्राप्त कर लिया। जो मानव उस अवस्थामें साधन न करके तथा अच्छा गुरु द्वारा अच्छी शिक्षा न पायी तथा सज्जन महात्माका संग न किया और दुर्जनका संग तथा दुर्व्यवहार तथा अभक्ष्य भक्षण आदि करते हैं उन जनोंके लिये हरेक अवस्था तथा हरेक आश्रम परम दुःखदायी हो जाता है और अन्तमें अधःपतन हो जाता है। फिर उन मानव जीवको इस संसार चक्रसे ऊद्धार होना अति कठिन हो जाता है। अतएव ऐसे अमूल्य मनुष्य योनि पाकर संसार रूपी समुद्रसे पार हो जाय। इसका पूर्ण ख्याल रखे। ख्याल रखनेका यही उपाय है जो कुमार अवस्था ही में अच्छी विद्याकी अभ्यास अच्छे गुरुके द्वारा करे तथा अच्छा रहन-सहन रखे, सात्विक आहार करे सज्जन महात्मासे संग करे, अच्छे ग्रन्थको पढ़े, संसारिक विषयमें लिपायमान न होवे, इन्द्रियोंके द्वारा वाह्य क्रिया करते हुए भी अन्तःकरणसे विरक्त रहें और शास्त्रमें जो बताया हुआ रास्ता है उन रास्तासे चलें तथा गुरुजनोंके वाक्यमें विश्वास रखे तथा देवताओं

में भक्ति करे। माता-पिताकी आज्ञा मानें और सेवा करे इत्यादि नियमसे जो मानव कुमार अवस्थामें समयको व्यतीत करेंगे, उनके लिये स्वर्गादि सुख तुच्छ है और परम सुख जो है मोक्ष उसको प्राप्त कर लेंगे।

पाठक महोदय! कुमार अवस्थामें जैसा संस्कार बनायेंगे वैसा ही बनेगा। जो कार्य ५० वर्षमें पूरा होगा सो कार्य थोड़े ही दिनोंमें कुमार अवस्थामें अभ्यास करनेसे हो जायगा इसलिये मैं साञ्जलि निवेदन करता हूं जो कुमार अवस्थाको व्यर्थ न बितावे। यदि कुमार अवस्थामें इन्द्रियोंको सुख करनेकी इच्छा प्रगट हो तो उनके शान्त करनेके लिये गृहस्थाश्रम तथा युवा अवस्था है। बाल अवस्थामें जैसा अभ्यास किया जायगा वैसा ही मरण पर्यन्त रहेगा, इसलिये इस अवस्थामें अच्छा अभ्यास बनानेका कोशिश रखे।

पाठकजी! जो महान् पुरुष कम-से-कम ३० वर्ष तक यही संसारिक व्यवहार तथा शास्त्रका व्यवसाय और शास्त्र रीतिसे क्रियायें कर चुका हो ऐसे सज्जन पुरुषोंसे उपदेश ग्रहण करें। क्योंकि जो जितना कर चुके हैं उतना ज्ञान उनको हो चुका है। इसलिये ऐसे महान् जनोंका उपदेश लागू होता है तथा शीघ्र फल-दायक होता है। इसका कारण है जो महापुरुष कोई कार्य ५० वर्षमें अनेक प्रकारके दुःख या परिश्रम द्वारा अथवा जैसे-तैसे पूरा कर लिया उन महान् पुरुषोंके द्वारा बताई हुई शीघ्र फलदायक होता है क्योंकि उन महान् जनोंने दुर्गम रास्ता तथा सुगम रास्ता दोनोंने देख चुका है। अतएव उनका बताया हुआ सुगम रास्ता होगा, तब सुगम रास्तासे चलनेवाले शीघ्र लक्ष्यको प्राप्त कर लेता

है। अतएव मैं प्रार्थना करता हूं जो कुमार अवस्थामें ऐसा ज्ञान हो जानेसे युवा अवस्थामें हरेक पदार्थको भोगते हुए भी संसारिक बन्धनमें नहीं फँसते हैं।

युवा अवस्था

जिन महान पुरुषको ब्रह्मचर्याश्रममें रहनेकी इच्छा हो उनके लिए कोई आश्रममें जानेकी आवश्यकता नहीं। वह मरणपर्यन्त ब्रह्मचर्यको पालन करते हुए अन्तमें मोक्ष पदको प्राप्त कर लेंगे।

जिन कुमारको ब्रह्मचर्याश्रमसे गृहस्थाश्रममें आनेको इच्छा हो वह अच्छे कुलकी लड़कीके साथ शास्त्रकी रीतिके अनुसार विवाह करे। हमारे पूर्वज ऋषि महात्माने विवाह पद्धतिमें लिख चुका जो पाणी ग्रहणके समय स्त्रीके साथ अग्नि ब्रह्मा दिन हो तो सूर्य रात्रिमें चन्द्रमा इन देवताओंको साक्षी करके प्रतिज्ञा किया जाती है जो आजसे हम दोनोंका मन-वाणी, शरीरसे जो कार्य करेंगे सो दोनोंके विचार से। पाठकजी ! बात भी सत्य है जो पुरुष गृहस्थाश्रममें रहकर स्त्रीमें अपनी अर्द्धांगिनी धर्म समझ कर उनसे हरएक कामोंमें विचार लेकर कार्य करते हैं वह कार्य सुचारु रूपसे चलता है। जैसे गाड़ीमें दा पहिये रहते हैं और दोनों पहिये बराबर रहता है। वह गाड़ी निर्भयतापूर्वक चलती है और जहाँ जाना हो वहां पहुंचा देती है और जिन गाड़ियोंके दोनों पहियेमें अन्तर रहता है वह गाड़ी अच्छी चालसे नहीं चलती है। वह टूटनेकी सम्भावना बनी रहती है। बल्कि टूट जाती हैं और चढ़नेवाले गिर जाते हैं। इसी तरह जो पुरुष गृहस्थाश्रममें रहते हैं उनके लिये परम आवश्यक है जो अपनी

अर्धाङ्गिनीकी विचारसे मनसे वाणीसे शरीरसे कार्य करें और रहन सहन विचार आदिमें फरक न हो क्योंकि वह शक्तिरूपा है बिना शक्तिसे कोई कार्य होता है नहीं और ऋषि महात्माने स्त्रियोंकी नाम रक्खा है गृहलक्ष्मी। वास्तविकमें जिस घरमें स्त्री और पुरुषमें मेल रहता है तथा दोनोंके विचारसे हर एक कार्य होता है उस घरमें अष्टसिद्धियां नवनिद्धियां सदा बनी रहती हैं और उन दोनोंका बड़े आनन्दसे समय व्यतीत होता है परञ्च स्त्री जातिको स्वतन्त्र न होने दें क्योंकि वह चंचला होती हैं इस-लिए अपाने आधीन रखें जैसे फिलवान हाथीको अंकुश द्वारा अपने अधीन रखते हैं वैसेही स्त्रीके ऊपर अंकुश रखना चाहिये। पाठकगण! स्त्रीजातिका कर्त्तव्य है कि घरको रक्षा करना तथा सन्तान आदिका पालन करना तथा स्वामीके आज्ञाको मानना तथा सात्विक आहार करना तथा दुर्जन पुरुषसे वार्तालाप न करना इधर उधर न घूमना जहां तक हो सके अपने समयको घर का काम ही में लगाना पतिहीको ईश्वर समझना पतिके साथ भूल कर भी कपट न करना और घरके कार्योंमें तथा पति सूश्रूषामें सदा तत्पर रहना स्वामीका जो कार्य हो उस कार्यको पतिके कहने बिना ही आलस्यको त्यागकर करना और जिससे स्वामी प्रसन्न रहें वही कार्य करना पतिके प्रसन्न होनेसे सब देव देवियां तथा पितर लोग प्रसन्न रहते हैं देवताओंका प्रसन्न होनेसे ऐहि संसा-रिक सब भोगोंको भोगकर अन्तमें पतिलोक चली जाती हैं। पाठकगण! पतिको भी चाहिये कि स्त्री अर्द्धाङ्गिनी हैं अर्थात् आधा शरीरका मालिकिनी है पुरुषका शरीरका बामा भाग सक्ति रूपा स्त्री है इसलिये जो कार्य करे सो स्त्रीकी विचारसे परञ्च

व्यापार आदि कार्य करे अपने विचारसे और घरका कार्य करे स्त्री अपनी विचारसे घरमें जो सामानका जरूरत हो ला दे । प्रिय-पाठकगण ? गृहस्थाश्रमसे बढ़कर कोई आश्रम नहीं है यदि गृहस्था-श्रममें शास्त्रके नियमसे चले तो वान प्रस्थाश्रम तथा संन्यासाश्रम में जानेकी कोई आवश्यकता नहीं है। गृहस्थाश्रममें सबसे पहले ध्यान रखे जो सन्तानोत्पत्ति करना आवश्यक समझे क्योंकि सन्तान होनेसे पितरोंका ऋणसे बिमुक्त हो जाते हैं परन्तु असुर के समान संभोग न करे संन्तानोत्पत्तिके जो समय है उस समय में स्त्री तथा पुरुष दोनों किसी प्रकारकी अपने मनमें विकारको न रखकर तथा प्रसन्न चित्तसे देवताओंका स्मरण करते हुए संभोग करे इस नियमसे जो सन्तान पैदा होती हैं सो बड़े पराक्रमी तथा यशस्वी बलवान तथा पिता माताका आज्ञाकारी और दीर्घायु होते हैं और जो बिना इच्छासे तथा रोग अवस्थामें तथा कुसमय में संभोग करते हैं उन्हींका नाम है असुर संभोग उससे जो सन्तान पैदा होते हैं वही बड़े अज्ञानी तथा सठ दुर्व्यवसायी अभक्ष्य भक्षण करनेवाला तथा कुमार्ग रस्तासे चलनेवाला नास्तिक और पिता माताको दुःख देनेवाला तथा रोगी और अल्पायु होते हैं ऐसे सन्तानोंके द्वारा पितरोंका अधः पतन होता है और कुलका नाशहो जाता है। अतएव सन्तानो त्पत्ति समयका ख्याल रखना आवश्यक हैं। फिर गृहस्थाश्रममें रहकर पितरोंका कर्म करना नित्य तर्पण करना तथा देवताओंका पूजन तथा दर्शन करना तथा सात्विक आहार करना परायी स्त्री को कुदृष्टिसे न देखना तथा सत्यसे व्यापार करना तथा सच बोलनेका अभ्यास रखना किसीको दुःख न देना जहां तक बन

सके दूसरेका उपकार करना जो मिले उसीमें सन्तोष रखना पराये धनको मिट्टीके समान समझना सब इन्द्रियोंको अपने बसमें रखना धर्मके विषयमें पूरा ख्याल रखना पापसे सदा अलग रहना पिता माता तथा गुरुजनोंका सेवा करना तथा आज्ञा मानना तथा उन लोगोंके वाक्यमें विश्वास रखना अपने परिवारकी त्रुटिको पूरा करना स्वाध्याय जप तप पूजा पाठ आदि समयानुसार करना अतिथि सत्कार करना समयको निरर्थक नहीं बिताना। इस नियम से गृहस्थाश्रममें रहते हुये मनसे सब कर्मोंका त्याग करना। पाठक जी इस नियमसे जो मानव गृहस्थाश्रममें रहते हैं उनके लिये न वानप्रस्थाश्रममें जानेको आवश्यकता है न संन्यासाश्रम। इस-लिये मैं साञ्जलि निवेदन करता हूँ जो कलिमें आयु कि कोई निश्चय है नहीं अतएव गृहस्थाश्रममें रहकर सुख दुःखको भोगते हुए मनसे सब विषयको त्याग कर दे और विषय वासनामें लिपायमान न होवे क्योंकि मनुष्य योनि होना फिर दुर्लभ है। अतः उपर लिखा हुआ नियमसे जो मानव चलेगें उनको अन्तमें मोक्षपद प्राप्त हो जायगा ए शास्त्र सिद्धान्त हैं। पाठकजी मनुष्यको स्वतन्त्र रहना चाहिये। परञ्च जो संसारी विषयका पूरा अनुभवी हो तथा शास्त्रोंका पूरा ज्ञाता हो ऐसे मानवोंके आधीन रहें क्योंकि कोई आपत्ति आनेपर उनसे विचार लेकर उनके कथनानुसार काम करे।

गृहस्थाश्रममें रहते हुए हरेक कामको करे, परन्तु मनसे किसीमें लिपायमान न होवे जैसे कमलके पत्ते पानीसे पैदा होतो है और पानीपर रहता है, परन्तु पानीसे सम्बन्ध नहीं रहता है, इसी तरह गृहस्थाश्रममें रह कर सब काम करें। परञ्च किसीमें

आसक्ति न रहें, ऐसा अवस्थाको जीवन्मुक्त अवस्था कहते हैं, वास्तविकमें ऐसा अभ्यास करनेसे जीवन्मुक्त हो जाते हैं। परन्तु मानवोंके लिये क्रोध और आलस्य महा शत्रु है क्योंकि क्रोध होनेसे विचारका नाश हो जाता हैं। विचार न रहनेसे कर्त्तव्यको भूल जाता है और अनर्थ कर बैठता है और क्रोधके आधीन हो जानेसे कोई कार्य सफलो भूत नहीं हो सकता है और क्रोधके आधीन हो जाते हैं, इसलिये सर्व प्रथम क्रोध और आलस्यको जीतनेकी इच्छा रखे। क्रोध और आलस्य ये दोनोंको जीत लेंगे तो उनके लिने मोक्षपद सहजमें लाभ हो जाता है। पाठकजी, मानवोंके लिये ईर्ष्या भी परम शत्रु है, इसलिये क्रोध और आलस्य ये दोनों शत्रुको जीत लेनेपर भी ईर्ष्या मनमें रहेगी तो लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता है। अतः ईर्ष्याको हटावे और ईर्ष्याको हट जानेसे तथा क्रोध और आलस्य ये दोनोंको मनमें न आनेसे लक्ष्य प्राप्त हो जाता है। गृहस्थाश्रममें रहते हुए कुलका या वंशका तथा ग्रामोंका तथा देशका राजका और जहांतक हो सके सेवा करना परम आवश्यक है। परञ्च कलियुगमें आयुका सिद्धान्त १०० एक सौ वर्षका आया है, लेकिन पराशरजीका मत है ६० वर्षका वास्तिविकमें आजकल ६० वर्षका आयु देखनेमें आता है, इसका भी कोई निश्चय नहीं है जो ६० वर्षतक आयु रहेगा। तब चारों आश्रममें वास कैसे किया जाय, इसलिये कलियुगमें प्रधान आश्रम गृहस्थाश्रम माना गया। अब २० वर्षतक तो बाल या कुमार अवस्थामें चली जाती है। इसके बाद मध्य अवस्था या संसारिक सब कार्य करनेके लिये ३० वर्षतक रहता है दोनों मिलाकर ५० वर्षकी अवस्थामें चली जाती हैं। ३० वर्षके अन्दरमें

६ घण्टे सोते हैं रोज और बारह घण्टा रोज धनोपार्जनमें रहता है। व्यापार हो या नौकरी बाकी रह गया ६ घण्टा इसीमें शौच-क्रिया, स्नान, सन्ध्या बन्दन, तर्पण, देवपूजा, देव-दर्शन, शास्त्रोंका अध्ययन और सत्संग सुतक पातक वंशका बृद्धि जादे होनेसे सुतक और पातक जादे काल होता ही रहता है, इसलिये शुभ कर्म करनेका समय कम मिलता है। अतएव रात्रिमें स्वस्थ चित्त होनेपर दिनमें किया हुआ कामोंका विचार करें। पाठकजी शोचनीय है। महान् कार्य जो है मोक्ष उनको अल्प समयमें प्राप्त करना आवश्यक है। परञ्च समय बहुत कमती है, कार्य विशाल है, इसलिये इसका अभ्यास करे, २४ घण्टेमें भी योगारूढ़ रहे या अपनी आत्माको परमात्मासे मिला कर रखे। भीतर से बाहरसे हरेक काम सोना बैठना व्यापार करना नौकरी करना और संसारिक विषयको भोग आदि करना, परन्तु ख्याल रखे भीतरसे जीवात्मा और विराट भगवानका मेलका तागा न टूटे। जैसे पानी भरनेवाली घड़ा मस्तकपर लेनेपर भी आपसमें हँसी-मजाक आदि करते हुए भी पूरा ख्याल पानीके घड़ाके ऊपर गर्दनपर ही रहता है, तैसे ही बाहरसे हरेक कामको करते हुए भी भीतरसे जोवात्माको परमात्मासे जूड़ाया है, वह जूड़ाया हुआ जो तागा है उनको टूटने नहीं दे। ऐसे अभ्यास करनेसे अल्प समयमें ही परमपदको प्राप्त कर लेंगे।

अतः मैं साञ्जलि निवेदन करता हूं, जो अमुलय योनी पाकर मनुष्य सच्चे हृदयसे अभ्यास करे जो इस नियमसे कार्य करेंगे उनको परमपद शीघ्र लाभ होगा, ये शास्त्र सिद्धान्त है। अतएव वानप्रस्थाश्रम तथा संन्यासाश्रम जानेकी कोई आवश्यकता नहीं

पड़ेगी। प्रिय पाठकजी, गृहस्थाश्रममें रहते हुए यदि शास्त्रानु-कूल चले तो वह मानव हरेक आश्रमोंका फल पाकर अन्तमें मोक्षपद अनायास प्राप्त कर लेते हैं और यही संसारिक कार्य शास्त्रानुकूल करनेपर पितरगण तथा देवताओंका आशीषसे वह मानव अपाने सात पुरुष पीछेका तथा सात पुरुष आगेका और माता पैदा हुई है जिस कुलमें उन छः पुरुषोंका और स्वयं अपना सब मिला कर २१ पुरुषोंका उद्धार हो जाता है। शास्त्रानुकूल चलनेसे। पितर लोग सदा इच्छा करते रहते हैं, ऐसा सन्तान हमारे कुलमें पैदा हो जो हम लोगोंको तृप्ति करते हुए अन्तमें मोक्षपदको प्राप्त कर ले।

॥ मौन व्रत ॥

प्रिय पाठकजी! चौरासी लाख योनीमें भ्रमण करते हुए अमूल्य मनुष्य योनि पाकर संसार चक्रसे यदि उद्धार नहीं हुआ तो फिर अन्य योनियोंसे उद्धार होना अति कठिन है। इसलिये संसार चक्रसे उद्धार होनेका मौन व्रत भी उपाय हैं क्योंकि मौन व्रत अर्थात् बोलना नहीं इससे मानसिक विचारका पैदा होती है तथा असत्य भाषण नहीं होता है जादे बोलनेसे असत्य भाषण होता ही है और न बोलनेसे स्वासा कम चलती है। स्वासा कम चलनेसे आयुको वृद्धि होती हैं, आयुकी वृद्धि होनेसे जादा समय मिलता है। समय मिलनेसे शुभ कर्म याने अच्छे-अच्छे कर्म करके अपने वंशका उद्धार करता है और देशका तथा राजका सेवा करनेका समय मिलता है। यदि आयुकी बृद्धि नहीं हो और अल्पायु हो तो कोई कार्य उनसे नहीं हो सकता हैं। अतः मौन व्रत रखने से हरेक कार्य करते हुए अन्तमें मोक्षपद प्राप्त कर लेंगे।

शब्द का प्रयोग

मनुष्ययोनि पाकर शब्दका प्रयोग कैसा करना चाहिये। पाठकजी! शब्द ही में वशीकरण है। शब्द ही में उच्चाटन है, शब्द ही के द्वारा देवताओंको वश कर लेते हैं। शब्दमें आकर्षण शक्ति है। शब्दमें बिगाड़नेकी भी शक्ति है वास्तविकमें शब्दमें ईश्वरीय शक्ति है जो मानवका शब्द मधुर होता है अर्थात् मिठाससे बोलता है। उनके सब प्रिय हो जाते हैं और संसारमें यश फैल जाता है। उन मानवके लिये कठिनसे कठिन कार्य सुगम हो जाता है और संसारका सब विषयका भोगकर अन्तमें मोक्ष पदको प्राप्त कर लेता है। जो मनुष्योंका शब्द कटु होता है अर्थात् खराब शब्द बोलते हैं उन मानवको संसारमें अयश होता है और उनको सब दुर्वचन कहता है और ऐसे मानवोंको न संसारमें ही सुख मिलता है न पारलौकिक सुख मिलता है। अन्ततः उनका अधःपतन हो जाता है। शब्द ही ऐसा पदार्थ है जो कैसेसे कैसी भी मनुष्यको संसारके चक्करसे उद्धार कर देता है। याने वह मानव संसारका जो बन्धन हैं आवागमन उनसे छुटकारा पा जाता है अर्थात् फिर जन्म नहीं होता है। जिन मानवका शब्द सदा सचही सच होता है वह मानव सदाके लिये सत्यरूपमें मिल जाता है। इसलिये अमूल्य मनुष्य योनि पाकर शब्दका प्रयोग मिठास तथा सत्यसे भरा हुआ करे। इसका अभ्यास रखे परञ्च कटु शब्द तथा मिथ्या शब्दका प्रयोग भूलसे भीं न करे।

प्रिय पाठकजी! शब्द द्वारा मन्त्र सिद्ध होता है। शब्दसे ही बड़े बड़े यज्ञ तथा तपस्या होता है। शब्द ही से देवता और

पितर प्रसन्न रहते हैं। यहांतक कि शब्दसे प्रस्थर भी आर्द्र हो जाते हैं ! अतः कलियुगके अन्दर मनुष्य योनि पाकर नाना प्रकारके झंझट होते हुए भी जो मानव अपने शब्दका प्रयोगमें सत्य तथा मिठास रखते हैं वह मानव संसारमें सब सुखोंको प्राप्त कर अन्तमें मोक्ष पद को प्राप्त कर जाते हैं।

इसलिए हर एक मनुष्यको चाहिये कि ऐसा शब्द बोले कि चुम्बक लोहेके समान खींच ले। याने अपने तरफ आकर्षित कर ले ऐसा अभ्यास रखनेसे वह मानव संसारमें आदर्श हो जाते हैं। उनका यशगान होने लगता है। शब्द ही तपस्या है इसलिये जो शब्द बोले सो पहले खूब विचार ले तब उस शब्दका प्रयोग करे। शब्द ही द्वारा ऐहि सांसारिक तथा पारलौकिक कार्य सफल होता है। जहांतक हो सके शब्द बोलनेका तरीका अच्छी तरह रखे क्योंकि शब्दरूप ही ब्रह्म है।

विश्वास

हरएक मनुष्योंको विश्वास करना परमावश्यक है। क्योंकि जबतक विश्वास अन्तःकरणमें न होगा तबतक कार्य सफल नहीं हो सकता। इसलिए सांसारिक कार्य या पारलौकिक कार्य जो हो सो विश्वास हीसे होता है। सांसारिक कार्य जो आहार व्यवहार व्यापार आदि जो कार्य है उनमें बिना विश्वाससे कार्य समुचित रूपसे होता नहीं। जिनके आत्मामें अर्थात् मनमें संशय है याने विश्वास है नहीं उन्हींका नाश होता है। वास्तविक विचारदृष्टिसे देखा जाय तो जबतक कोई विषयमें विश्वास न करेंगे तबतक मन में आशंका बनी रहेगी। मनमें संशय पैदा होनेसे पद पदमें याने हरएक विषयमें संशय होता है। तब उन मानवका आत्मा

संशयालु हो जाता है। जब आत्मा संशयालु होता है तब उस जीवका अधःपतन हो जाता है फिर उन मानवके लिये संसार चक्रसे छुटकारा पाना अति कठिन हो जाता है और जिसकी आत्मा संशयालु नहीं है अर्थात् विश्वास अन्तःकरणमें हैं उन मानवोंके लिए सांसारिक कार्य हो या पारलौकिक कार्य अति सुगम हो जाता है और विश्वासरूपी नौका द्वारा संसाररूपी समुद्रको अति शीघ्र पार हो जाता है। अतः मैं साञ्जलि निवेदन करता हूँ जो मानवोंके लिये सर्वप्रथम अन्तःकरणसे विश्वास रखें। विश्वास रखनेसे हरएक कार्य उनके लिये लाभदायक हो जायगा। प्रिय पाठकजी ! शास्त्रमें जो रास्ता बताया है उनको जानने-वाला जो महान् पुरुष है उनका बताया हुआ जो मार्ग है उनमें विश्वास करना क्या वह पारलौकिक कार्य हो या संसारिक कार्य हो। क्योंकि विश्वाससे ही जड़से चेतन हो जाता है। अतएव हर एक मनुष्यको दृढ़ विश्वास रखना परमावश्यक है।

"नारी धर्म"

स्त्री जातियोंके लिये क्या कर्त्तव्य है—सर्वप्रथम स्त्रीको स्वतन्त्र न रहना चाहिये क्योंकि स्वतन्त्र स्त्री होनेसे बिगड़ जाती है और बिगड़ी हुई स्त्रीके द्वारा सारा कुल नष्ट हो जाता है। यथार्थतः विचार दृष्टिसे देखा जाय तो स्त्री अर्द्धाङ्गिनी है वह धर्म और अधर्म ये दोनोंका साथी है। विशेषतः स्त्री द्वारा ही पुरुष उच्च पदको पाता है अथवा अधः पतन होता है स्त्री चाहे तो बड़े पापीसे पापी पतिको भी संसार चक्रसे उद्धार कर देती हैं। स्त्री चाहे तो बड़े धर्मात्मासे धर्मात्मा पतिको नीचे गिरा दे। स्त्री अच्छी होनेसे ऐहि संसारिक सुखको प्राप्तकर अन्तमें स्त्री सहित

मोक्ष पदको प्राप्त कर जाते हैं। पाठकजी! ऐसा अधिकार जिस स्त्रीको है वह यदि अमूल्य मनुष्य योनि पाकर साध्वी नहीं हुई तो फिर उनके लिये संसार रूपी समुद्रसे पार होना अति कठिन है। अतएव स्त्री जातिको चाहिये कि पति देवके अनुकुल रहन सहन आहार व्यवहार आदि हरेक काम करे और उनके आधिन रहे। यदि अभाग्यवश पतिका देहान्त हो गया हो तो लड़के के आधिन रहकर काम करे किन्तु स्वतन्त्र न रहे परञ्च धर्मके लिये स्वतन्त्र रहे। धर्मके विषय में किसीके आधिन न रहे।

स्त्रियोंके लिये सर्वप्रथम कर्त्तव्य है कि सास-स्वसूरकी आज्ञाको मानना और सेवा करना या घरके अन्दर जो बड़ा हो उनका आदर तथा सेवा आदि करना और देवरको सन्तानके समान आहार व्यवहार आदिमें ध्यान रखना और घरमें रसोई आदि जो कार्य है उनमें दक्ष रहना याने जिनको जिसवस्तुका आवश्यक होउनका पूरा कर देना सन्तानको अच्छी तरह से पालन पोषण करना तथा अच्छा चाल चलन और अच्छी बातोंकी शिक्षा देना सन्तानों को अच्छा होना माताओंके आधिन है क्योंकि बाल अवस्था में माताका सत्संग जादे काल रहता है उन अवस्था में जैसा संस्कार संतानका बन जाता है वह संस्कार मरण पर्यन्त रहता है। इसलिये माताओं का कर्त्तव्य है जो संतानोंका पालन पोषण, आहार, व्यवहार आदि बड़ी सावधानीसे करना और जहाँ तक हो सके इधर उधर न घुमना निरर्थक किसीसे वार्त्तालाप न करना और पतिके साथ भूलसे भी इर्ष्या न करना जादे समय घरके ही कार्योंमें लगाना और नियत रूपसे थोड़ा समय देकर सन्तानों को अच्छा काम सिखलाना तथा अच्छा उपदेश देना

इस रीतिसे जो स्त्री काम करेंगी उनकी मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी और उनकी सब कदर करेंगी और ऐसी साध्वीकी देखा देखी घरमें तथा आस पासमें रहने वाली स्त्रियां सुधर जायेंगी और वह स्त्री संसारका सब सुखको प्राप्तकर अनायास अन्तमें पतिलोक को प्राप्त कर जायेगी। ऐसा शास्त्र सिद्धान्त है।

प्रिय, पाठकजी ! स्त्री जाति सब कलायोंसे सम्पन्न होती हैं इसलिये वह ऐसा काम करे जिससे पिताका कुल और पतिका कुल ये दोनों कुलोंको उच्च पदको प्राप्त करावे किन्तु नीचे न गिरावे।

"एकान्त वास"

चौरासी लाख योनियोंमें सर्वश्रेष्ठ मनुष्य योनि पाकर मोक्ष पदको प्राप्त करना परमावश्यक है। मोक्ष पदको प्राप्त करने के लिये एकान्त वास मुख्य साधन है।

एकान्त वासका अर्थ यह है कि सब इन्द्रियां रोक कर अर्थात् संसारिक विषयोंसे इन्द्रियां को हटाकर याने एकाग्रचित होकर मन द्वारा ब्रह्म विषयका विचार करना। पाठकजी, एकान्त वास घरमें रहने पर भी हो सकता है। घरके अन्दरमें जो लड़का लड़की, बहू, धन आदि हैं उनसे ममता, मोह, मात्सर्य आदिको त्यागकर रात्रिमें सब शांत हो जांय तब विषय वासनासे मनको हटा कर एकाग्र चित्त होकर ब्रह्म विषय का विचार करे। इस नियमसे विचार थोड़े ही दिन करने से उन मानवका यथार्थ विचार अन्तः करणमें आ जाता है तब उन मानवके लिये संसार रूपी समुद्रसे पार हो जाना अति सुगम हो जाता है। यदि एकान्तवासका अर्थ आश्रको त्याग कर याने संसारी विषयको

त्यागकर बनमें रहकर ब्रह्म विषयके विचार करना। परञ्च आज कलके समयमें बनमें जाकर रहने का न स्थान ही है न मानवोंके लिये समय ही है याने आयुका कोई निश्चय ही है। अतएव मैं ऊपर लिख चुका हूं जो आश्रममें रहते हुए भी एकान्त वास करें। विना एकान्त वास करने से याने जब तक संसारिक विषयसे इन्द्रियां को हटाकर मनको ब्रह्ममें एकाग्र न करेंगे तब तक संसार रूपी बन्धनसे छुटकारा न पावेंगे और संसार चक्रमें बारम्बार आना जाना पड़ेगा। इसलिये मैं साञ्जलि निवेदन करता हूं जो बड़े भाग्यसे अमूल्य मनुष्य योनि पाकर संसार चक्रसे उद्धार न हुआ तो फिर अन्य योनिसे होना असम्भव है। अतः आश्रम में रहते हुए भी अवश्य एकान्त वास करे। यदि समय मिल जाय तो बनमें जाकर याने कोई एकान्त जगह में जाकर रहें। वर्षों के अन्दर में एक दो महीने अवश्य एकान्त में रहने की कोशिश करें इससे इन्द्रियोंको जीतने की परीक्षा होती है।

॥ व्यापार ॥

मानव जातियोंके लिये व्यापार द्वारा धन लाभ करना परम आवश्यक है क्योंकि बिना धनसे आजकल कोई कार्य सफल नहीं हो सकता है। उन कार्यमें भी गृहस्थाश्रमका पालन धन बिना हो ही नहीं सकता। पाठक महोदयजी व्यापारमें सत्य और झूठ ये दोनों बिना कार्य सफल नहीं होता है। ये मनु भगवान् भी अपने मनुस्मृति नामक धर्म ग्रन्थमें कहा है कि "सत्या नृतंतु वाणिज्यम्" अर्थात् सत्य और मिथ्या ये मिला कर व्यापार द्वारा अपनी जीवन निर्वाह करो। परन्तु आजकल हमारे भाइयोंने

व्यापारमें ज्यादे झूठ बोल कर ही काम करते हैं। ऐसा व्यापार करनेसे उन मानवोंके लिये कल्याणकारक नहीं है। क्योंकि ज्यादे मिथ्या द्वारा जो धन हैं उस धनसे जो कार्य किया जाता है वह कार्य भविष्यके लिये विफल हो जाता है। यदि आप कहेंगे जो बिना झूठ बोलनेसे व्यापारमें लाभ होगा नहीं, सो समझनेमें फरक है क्योंकि बिना झूठ बोलनेसे भी व्यापारमें लाभ होता है। यदि आप बाजारका भावसे खरीद-बिक्री करेंगे तो उनमें झूठ बोलनेका मौका ही नहीं मिलेगा और व्यापारमें भी लाभ होगा, परन्तु पैसा कम मिलेगा। पाठकजी, ऐसा व्यापार द्वारा जो धन हैं उस धनसे जो कार्य किया जायगा वह कार्य सफल होगा और सदाके लिये शुभदायक होगा। और झूठ बोलनेका अभ्यास नहीं होगा, जब झूठ बोलना बन्द हो जायगा तब उन मानवोंमें कोई अवगुण रहेगा नहीं स्वयं ही अवगुण भाग जायगा और वह मानवको संसारके अन्दर बड़ी प्रतिष्ठा हो जायगी तथा सब गुण आकर स्वयं ही आबसेगी, तब वह मानव संसारोंका सब सुखोंका प्राप्त कर अन्तमें सब विषयेंको त्याग कर परमपदको प्राप्त कर जायेंगे। अतः मैं साञ्जलि निवेदन करता हूं जो अमूल्य मनुष्य योनि पाकर व्यापार द्वारा धन लाभ करें, परञ्च सत्य बोल कर। वास्तविक विचार दृष्टिसे देखा जाय तो न धन रहनेवाला है, न परिवार रहनेवाला है, न शरीर रहनेवाला, ये सब मिथ्या है। तब ऐसो जो मिथ्या है उनके सेवन करे याने उनके आधीन रहें।

हमारे प्रेमियें व्यापारी भाइयेंसे निवेदन करता हूं जो अपाने आत्माको नोचे न गिरावे, क्योंकि असत्य बोलनेसे आत्मा कम-

जोर होकर गिर जाते हैं। यदि आप कोई चीज बाजारके भाव से बिक्री करेंगे तो उनमें असत्य भाषण नहीं होगा, वह कमतीमें खरीद भले हो परञ्च बिक्रीके समयमें बाजारके भावसे बिक्री करें, परन्तु बाजारका भावसे ज्यादा पैसा न लें और अपना खरीदवाला भावको किसीसे न बतावें, क्योंकि वह भाव बतानेसे वह न भावके मोताबिक पैसा देंगे और कह देंगे जो आप गले काट रहे हैं। इसलिये बाजारके भावसे बिक्री करनेसे कहीं दोषी न होंगे और आत्मा सबल रहेगा तथा लाभ भी होगा। इस प्रकार से जो व्यापार करेंगे सो ऐहि संसारिक सब सुखोंको प्राप्त कर अन्तमें जो पारलौकिक व्यापार है वह व्यापार भी सत्य द्वारा सफल हो जायगा। वास्तविकमें सत्य द्वारा जो धन लाभ होता है और उनसे जो कार्य किया जाता है सो अवश्य सफल होता है, ये शास्त्र सिद्धान्त हैं।

॥ पाप कर्मसे अलग रहना ॥

चौरासी लाख योनियोंमेंसे भ्रमण करते हुए अमूल्य मनुष्य योनि पाकर पाप कर्मसे सदा बचे रहें। पापकर्म तीन प्रकारसे होता है और उनका भोग करते हैं। पहला जन्मोंका किया हुआ पाप कर्मोंका भोग। दूसरा इस जन्ममें जान करके पाप करना। तीसरा अनजान पाप कर्म होना। ये तीनों कर्मोंका भोग करना पड़ता हैं। परञ्च जान करके जो पाप किया जाता है उनका भोग ज्यादे काल करना पड़ता है और नाना प्रकार क्लेशोंका भोग करना पड़ता है। एक जन्ममें यदि भोग पूरा नहीं होता है तो अनेक जन्ममें भोग भोगना पड़ता है। इसलिये सर्वश्रेष्ठ मनुष्य योनि पाकर ऐसा कर्म करें जिससे उन तीनों कर्मोंका भोग इस

शरीर द्वारा ही अल्प समयमें ही भोग कर उन कर्मोंसे छुटकारा पा जाय और आगेके लिये कर्म न रहे। वास्तविकमें विचार दृष्टिसे देखा जाय तो मनुष्य और पशु-पक्षी आदिमें क्या फर्क है। पशु पक्षी भी सोते हैं, खाते हैं और सन्तान पैदा करते, मनुष्य भी खाते हैं, सोते हैं और संतान पैदा करते हैं; तब फरक क्या है, तो धर्म और विचार उस धर्मसे विमुख जो मानव हैं, उनसे अच्छा पशु-पक्षी ही हैं।

अतएव मैं साञ्जलि निवेदन करता हूं जो मनुष्य योनि पाकर सदा सचेत रहे जिससे किसी प्रकारका जान और अनजान पाप-कर्म न हों। यदि किसी बातको खुद न जानते हो तो कोई सज्जन पुरुषसे पूछ कर कार्य करें और जो कार्य करें सो खूब सोच विचार कर करे। यदि स्वयं विचार दृढ़ न हो तो दूसरे महान् पुरुषोंसे विचार लेकर करे। इस नियमसे जो मानव इस संसार के अन्दर कार्य करेंगे उनको पाप होगा ही नहीं और वह मानव सदाके लिये धर्मात्मा बने रहेंगे और ऐहि संसारिक सब सुखों को प्राप्त कर अन्तमें मोक्षपदको प्राप्त कर जायेंगे, ये शास्त्र-सिद्धान्त हैं।

॥ जीवन चरित्र ॥

पञ्जाबके अन्दर अमृतसर शहरमें प्रसिद्ध खत्री जाति लाला पेड़ामल कपूरका वंशमें मेरा जन्म है। लाला पेड़ामल कपूरजी शिष्य इतिहास राजा तेजासिंहका प्राइवेट मन्त्री थे और इनके पिता लाला आठवां मल कपूर (उर्फ) बक्सीराम कपूरजी राजा तेजासिंहजीका कोषाध्यक्ष थे। जब पञ्जाब अंग्रेजका आधीन हुआ तब पेड़ामल कपूरजीने नौकरी छोड़ दी। इनके बाद कुछ दिनोंतक व्यापार किया। उनके आठ लड़के थे, उनमेंसे तीसरा लड़का रामपालजी कपूर मेरा पिता थे। जबतक लाला पेड़ामलजी जीता रहें तबतक नित्य कर्म प्रति दिन छः घण्टा याने सुबहसे लेकर मध्याह्न तक एक आसनसे करते थे। उसके बाद मन्दिरमें जाकर देव-देवियोंका दर्शन कर तथा भगवानको भोग लगा कर और ब्राह्मणको भोजन करा कर तब भोजन करते थे। उसके बाद सायंकालका नित्य क्रिया करके स्वस्थ चित्त होकर विद्वान् ब्राह्मणसे योगवासिष्ठ सुनते थे। इसी प्रकारका उनका नित्य नियम थे। इस आचरणसे वह बड़े धर्मात्मा यशस्वी बड़े तेजस्वी तथा बड़े दयालु परोपकारी और सत्यवादी कहलाते थे। सं० १८६८ के लगभग वह पौष शुक्ल द्वादशी तिथिको अपनी इच्छासे इस संसारसे यात्रा कर दिया और एक आश्चर्यजनक घटना सबोंको देखा कर शरीरको छोड़ दिया याने एकादशीके रोज सब परिवारों से व्रत करवाया। फिर द्वादशीको ब्राह्मण भोजन करा कर तथा सब परिवारोंको भोजन करनेके बाद घरसे बाहर याने चौकमें आसन बिछा कर उसपर बैठ कर समाधि लगाकर इस शरीरसे

जीवात्माको निकाल कर परम ब्रह्म परमात्मामें तल्लीन कर लिया। सं० १९१६ में हमारे पिता रामपाल कपूरजीका जन्म हुआ। पिताजीका सादी ११ वर्षके उम्रमें हुआ था। उसके बाद १४ वर्षका उमरमें अपने भाइयोंके साथ कलकत्ता व्यापार करनेके लिये आये थे। परञ्च हमारे पिताजीका नियम था जो सत्य बोलना तथा प्रति दिन योग वासिष्ठको सुनना तथा पढ़ना और प्रणायाम करना तथा व्रतोंको करना, किसीको न सताना जहांतक होता था दूसरेका उपकार करना तथा आहार सात्विक करना तथा सज्जन महात्माओंसे सत्संग करना तथा आचार-विचार अच्छा रखना इसी नियमसे रहते थे। और चिकित्सा शास्त्रका अध्ययन करते थे तथा रासायन बनानेमें निपुण थे।

हमारे पिताजीने दो शादी किया था। पहली शादीमें दो कन्या और एक पुत्र हुआ, जिनका नाम था शिवरामदास कपूर। इनका जन्म सम्वत् १९५५ में हुआ था और सं० १ ७३ में इनका शादी हुआ और सम्वत् १९८७ में पिताजीसे अलग हो गये। इसके बाद सं० १९९० में फाल्गुन शुक्ल दशमीको इनका देहान्त हो गया। हमारे पिताजीका पहले स्त्रीका देहान्त शिवरामदास कपूरसे पहले ही हो गया था। फिर ४५ वर्षके लगभगमें दूसरी शादी किया। इन स्त्रीसे तीन पुत्र हुआ, पहला लड़का रामप्रसाद कपूरका सम्वत् १९६७ चैत्र शुदी रामनवमीको जन्म हुआ। दूसरा लड़का हरप्रसाद कपूरका १९६९ कार्त्तिक बदी पञ्चमीका जन्म हुआ। तीसरा लड़का द्वारकादास कपूरका सम्वत् १९७८ कार्त्तिक शुक्ल एकादशीको जन्म हुआ।

हमारी माता भी पतिका तथा ईश्वरका परम भक्ता थी।

परमपूज्यनीय पतिका आज्ञा मानना तथा उनका सेवादि करना उनके लिये परम धर्म था और नित्य गीताका पाठ तथा गोपाल सहश्रनामका पाठ करना और भागवत सुनना तथा भगवानका चरणामृत लेना रोज थोड़ा-से-थोड़ा भी दान देना ये नित्य नियम से करती थी। परञ्च अल्प ही अवस्थामें याने संवत १९७६ में आषाढ़ कृष्ण द्वादशीको इस संसारसे यात्राकर दिया।

हमारे पिताजीने अपने नित्य नियमको पालन करते हुए अमृतसर शहरमें और कलकत्तामें रहते थे। जब उनकी मृत्यु निकट आ गई तब चार महीने पहिले ही हमलोगोंसे कह दिया जो मैंने इस संसारसे थोड़ा दिनोंमें यात्रा कर देंगे। यह कह कर अमृतसर शहरमें रहने लगे। परन्तु हमलोग कलकत्तामें रहते थे। अन्तःकरणमें भावना पैदा हुई जो पिताजीको अमृतसरशहरमें रहना अकेले अच्छा नहीं है इसलिये बारम्बार पत्र देकर पिताजीको कलकत्ता मँगवा लिये। परञ्च कलकत्ता आने पर एक महीनेके अन्दर हीमें सम्वत् १९९० में अगहन शुदी प्रतिपदाको प्राणायाम द्वारा इस शरीरको त्यागकर परमपदको प्राप्त कर लिये। उस समय मैं च्यारो भाई तथा पिताजीके तीन भाई और हमारे वंशका सब परिवार उपस्थित थे परन्तु पिताजीका नियम था जो सत्य बोलना तथा किसीके हकको न मारना तथा किसीको अपना पैसा न छोड़ना तथा किसीका भय न करना और योगबाशिष्ठका सदा अभ्यास करना।

हमारे भाई हरप्रसाद जब १२ वर्षका हुआ तभीसे हमारे साथ व्यापार याने दूकानोंका कार्य करना आरम्भ कर दिया। थोड़ा ही दिनोंमें बड़ा जोरदारसे कार्य करने लगे और मुझे उनके

द्वारा समय भी मिलने लगा। उसी समयके अन्दर जहांतक हो सका मैंने परमार्थके लिए अभ्यास किया और थोड़ासा रास्ता मैंने उनको बतलाया उसी मोताविक हरप्रसादने अभ्यास किया उस अभ्याससे वह बड़े सचाईसे काम करने लगा तथा सच बोलना किसीके साथ खराब व्यवहार न रखना तथा परिवारों को सद्भावसे देखना आदि अनेक प्रकारके गुणसे सम्पन्न हो गये। इस नियमसे वह २००६ तक हमारे साथ कार्य करते रहे। पश्च कोई कारण वश वह अलग हो गये। २००७ के ज्येष्ठ कृष्ण षष्ठी तिथिको पञ्जाबमेल दुर्घटनामें जसीडोहके समीपमें उनका देहान्त हो गया। उनका दाह क्रिया बैद्यनाथ धाममें किया गया। परन्तु वहां एक वर्ष पहलेसे ही कहते थे कि जो हमसे मोह आप लोग त्याग कर दो। हमारे ऊपर होनी सवार है वह आपलोगों से अलग करवा रहा है। हमलोग अनेक तरहसे समझाये परन्तु नहीं समझा और व्यापारके कार्यमें वह बहुत निपुण थे।

जब मेरी अवस्था ७ वर्षकी हुई तब मेरे पिताजीने एक मुसलमान ओस्ताजके यहां महाजनी पढ़ाईके लिये भेजा डेढ़ वर्षके अन्दरमें ही महाजनी विद्याको पूर्ण हासिल कर लिया। इसके बाद हिन्दी पढ़ने के लिये स्कूलमें भर्ती हुये डेढ़ वर्षमें दूसरी कलासकी सब किताबों को अच्छी तरहसे पढ़ा और समझ लिया इसके बाद कलकत्ता आये उस समय मेरी अवस्था १० सालकी थी। कलकत्ता आने पर व्यापारमें ध्यान लगने लगा। जब व्यापारके तरफ मेरा पूर्ण ध्यान पिताजीने देखा तब पिताजीने मुझे उपदेश दिया जो सबसे पहले बुद्धिको उज्वल करने की कोशिश करो। यह कह कर लिङ्ग पुराणका अध्ययन करवाया उसमें पहली बात यह थ

"ओं नमो भगवते वासुदेवाय, "ओं नमो नारायणाय" ये दोनों मन्त्रोंका उपदेश पिताजी द्वारा मिला इस मन्त्रको मैंने लिङ्ग पुराण में देखा और उसका अर्थ भी देखा जो जिनको मुक्तिकी इच्छा हो वह "ओं नमो भगवते वासुदेवाय" इस मन्त्रको जप करें और जिनको भुक्ति और मुक्ति ये दोनों कि इच्छा हो वह 'ओँ नमो नारायणाय इस मन्त्रका जप करे। ऐसा व्याख्या अर्थ देखने से मुझे विश्वास हो गया और ये दोनों मन्त्रको मैं जप करने लगा। इसके बाद करीब १२ वर्ष ६ महीने की अवस्था हमारी हुई तब मेरी माताजो इस संसारसे यात्रा कर दी। इसके बाद १३ वर्षकी अवस्थामें एक महात्मासे मुलाकात हुई उनसे कुछ वार्त्तालाप होने पर वह मेरा तिरस्कार कर दिया उनकी तिरस्कार रूपी वाणी हमारे हृदयमें वज्रके समान चोट लगी तब हमारे मनमें विचार पैदा हुआ जो कौनसी त्रुटि हमारी है जिससे महात्माजीने मेरा तिरस्कार किया याने अपशब्द कहा ऐसा विचार करते करते तीन महीना लग गया तब जाकर अपानी त्रुटि मालूम हुई तब मेरे मन में विराग पैदा हुआ विराग पैदा होतेके साथ योग वासिष्ठका वैराग्य प्रकरण और मुमुक्षु प्रकरण ये दोनों प्रकरणका मैंने अध्ययन किया ये अध्ययन करनेसे मेरे मनमें वैराग्यकी दृढ़ता हो गई। इनके बाद योग वसिष्ठ सम्पूर्ण मैंने अध्ययन किया इनके बाद १८ वर्षकी अवस्था में काश्यपगोत्रोत्पन्न वयोवृद्ध गोस्वामी राजाराम शर्माजी के द्वारा यज्ञोपवित का उपदेश मिला याने गायत्री मन्त्रका उपदेश मिला और उन्हीं महान् पुरुषसे सन्ध्या तथा गायत्री मन्त्र जपने का नियम सिखा और करना आरम्भ कर दिया इसके बाद २० वर्षकी अवस्थामें विवाह हुआ परन्तु

२ वर्ष २ महीने में ही हमारी स्त्री स्वर्गको चली गई इनके बाद २३ वर्षकी अवस्थामें दूसरी सादी हमारी हुई परन्च १३ वर्षकी अवस्थासे लेकर २३ वर्षकी अवस्था तक योग वासिष्ठका शङ्का समाधान पिताजीके साथ लगातार होता ही रहा यह प्रतिदिन का नियम था और १३ वर्षकी अवस्था से हमारे ये नियम था जो जहां पर वृद्ध लोग आपसमें बात करते रहते थे वहां पर जाकर उनलोगों की बात बड़े ध्यान लगाकर सुनते थे और जहां पर रामायणकी कथा होती थी वहां जाकर एकाग्रचितसे कथा सुनते थे और १० वर्षकी अवस्था से लेकर अद्य पर्यन्त मैंने अनेकों महातमाओंसे सत्संग किया तथा उनलोगोंका उपदेश ग्रहण किया तथा विद्वानोंसे सत्संग किया तथा अनेक ग्रन्थोंका अध्ययन किया और जिन महान् पुरुषोंका उपदेशको मैंने ग्रहण किया वे हमारे गुरु हैं और उन्हीं लोगोंके आशीषसे तथा परमात्माको दयासे हमारे ऐसे अलपज्ञको भी ऐसे ग्रन्थ लिखने का साहस हुआ।

इति शुभम्

रामप्रसाद कपूर

* पञ्चबलि *

सव्य होकर करें

गो ग्रास (पत्तेपर)

सौरभ्येयः सर्वहिताः पवित्राः पुण्य राशयः ।
प्रति गृह्णन्तु मे ग्रासं गाव स्त्रैलोक्य मातरः ॥
इदमन्नं गोभ्योः नमः ॥

श्वान बलि (पत्तेपर)

द्वौ श्वानौ श्यामशवलौ वैवस्वत कुलोद्भवौ ॥
ताभ्या मन्नं प्रदास्यामि स्यातामेता वहिंसकौ ॥
इदमन्नं श्वभ्यान्नमः ।

काकबलि (पृथ्वीपर)

ऐन्द्र वारुण वायव्याः सौम्या वै नै ऋं तास्तथा ॥
वायसाः प्रति गृह्णन्तु भूमा वन्नं मयार्पितम् ॥
इदमन्नं वायसेभ्योनमः ॥

अतिथिःबलि (पत्तेपर)

देवा मनुष्याः पशवो वयांसिसिद्धाश्च यक्षोरगदैत्य संघा ।
प्रेताः पिशाचास्तरवः समस्ता ये चान्नमिच्छन्ति मया
प्रदत्तम् ॥ इदमन्नं देवादिभ्योनमः ॥

पिपीलिकादि बलि (पत्तेपर)

पिपीलिकाः कीट पतङ्ग काद्या वुभुक्षिताः कर्म निवन्धवद्धाः ।
तृप्त्यर्थ मन्नं हि मया प्रदत्तं तेषामिदन्ते मुदिता भवन्तु ।
इदमन्नं पिपीलिकादिभ्यो नमः ॥